

राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद,
बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

बुधवार, 05 अप्रैल 2023 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 10 अंकः 104 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त



सतसंग समारोह का हुआ आयोजन...7




## नाथुला रोड पर हिमस्खलन में 6 की मौत

### 80 से ज्यादा के फंसे होने की आशंका

गंगटोक। सिक्किम के नाथुला इलाके में मंगलवार को हुए एक भीषण हिमस्खलन में छह पर्यटकों की मौत हो गई है। इसके अलावा 11 लोगों के घायल होने की खबर है। बताया जा रहा है कि अभी 80 से ज्यादा लोग फंसे हो सकते हैं। घायलों को राज्य की राजधानी गंगटोक के अस्पताल लाया जा रहा है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक बचाव अभियान जारी है। सीमा सड़क संगठन द्वारा तेजी से बचाव अभियान शुरू किया गया था और अब तक 22 लोगों को बचाया गया है। आपको बता दें कि नाथुला दर्रा चीन से लगी सीमा पर स्थित है और यह अपनी मनोरम सुंदरता के कारण पर्यटकों का एक बड़ा आकर्षण केंद्र है। गंगटोक को नाथू ला से जोड़ने वाले जवाहरलाल नेहरू मार्ग पर 15वें माइल पर अपराह्न 12.15 बजे के आसपास हिमस्खलन हुआ, जब उस क्षेत्र में कम से कम 150 पर्यटक थे। नाथू ला दर्रा, समुद्र तल से 4,310 मीटर (14,140 फीट) की ऊंचाई पर, चीन के साथ सीमा पर स्थित है और एक प्रमुख पर्यटन स्थल है। स्थानीय समाचार रिपोर्ट में कहा गया है कि मरने वाले पर्यटकों में चार पुरुष, एक महिला और एक बच्चा शामिल है।



## भूटान नरेश और मोदी की मुलाकात में चीन पर हुई बात? जानें विदेश सचिव ने क्या कहा

नई दिल्ली। भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक भारत दौरे पर हैं। आज उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान दोनों ने विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने कहा कि भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक भारत के विशेष दौरे पर हैं। उनकी चल रही यात्रा योजना में लंबी थी और भारत और भूटान के बीच लंबे आदान–प्रदान को आगे ले जाती है। उन्होंने कहा कि भूटान के राजा के साथ आज अपनी बैठक के दौरान,




 पीएम मोदी ने भूटान में सामाजिक– आर्थिक सुधारों के लिए निरंतर समर्थन दोहराया। प्रधानमंत्री और भूटान नरेश के बीच हुई बैठक में इस बात पर सहमति बनी कि भारत भूटान की आगामी 13वीं पंचवर्षीय योजना के लिए अपना समर्थन बढ़ाएगा। विदेश सचिव ने कहा कि भारत एक अतिरिक्त स्टैंडबाय क्रेडिट सुविधा का विस्तार करने के लिए काम करेगा। हम भूटान से कृषि जिंसों के निर्यात के लिए दीर्घकालिक टिकाऊ व्यवस्था को आकार देने के लिए काम करेंगे। साथ ही पेट्रोलियम, सीओए जैसी महत्वपूर्ण वस्तुओं की सुनिश्चित आपूर्ति के लिए दीर्घकालिक द्विपक्षीय व्यवस्था विकसित करने के लिए भी काम करें। विदेश सचिव से जब पूछा गया कि क्या भूटानी पक्ष ने भारतीय पक्ष को चीन के बारे में जानकारी दी है। इसको लेकर उन्होंने कहा कि भारत सरकार उन सभी घटनाक्रमों पर बहुत बारीकी से नजर रखती है जिनका हमारे राष्ट्रीय हित पर असर पड़ता है और हम उन्हें आवश्यक रूप से सुरक्षित रखने के लिए सभी आवश्यक उपाय करेंगे। डोकलाम विवाद पर भूटान के प्रधानमंत्री लोते शेरिंग की हाल की कुछ टिप्पणियों को लोगों ने पड़ोसी देश के चीन के करीब जाने के रूप में देखा, हालांकि भूटान ने कहा कि सीमा विवाद पर उसके रुख में कोई बदलाव नहीं आया है। मिली जानकारी के मुताबिक मोदी और वांगचुक के बीच बातचीत द्विपक्षीय संबंधों को विस्तार देने के तरीकों पर केंद्रित रही। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को दिल्ली हवाई अड्डे पर भूटान नरेश की अगवानी की थी। यह भूटान नरेश की इस यात्रा को नयी दिल्ली द्वारा दिए गए महत्व को दर्शाता है। जयशंकर ने सोमवार शाम को भूटान नरेश से मुलाकात की थी और कहा था कि भूटान के भविष्य और भारत के साथ अनूठी साझेदारी को मजबूत करने के लिए नरेश के दृष्टिकोण की सराहना की जाती है।

### ममता के बयान पर अनुराग ठाकुर ने पूछा

## क्या सीएम ही समाज को बांटने के लिए आगे आ गई है

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल में रामनवमी के दिन हिंसा देखने को मिली थी। उसके बाद लगातार दो–तीन दिनों तक यह हिंसा जारी रही। इसको लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर भाजपा जबरदस्त तरीके से हमलावर है। इन सबके बीच आज भाजपा ने एक बड़ा सवाल कर दिया है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने साफ तौर पर पूछा कि क्या एक राज्य के मुख्यमंत्री ही समाज को बांटने के लिए आगे आ गई हैं। ममता बनर्जी ने हिंसा को लेकर भाजपा पर निशाना साधते हुए साफ तौर पर कहा था कि भगवा पार्टी के लोग बिना अनुमति के जानबूझकर रामनवमी जुलूस के साथ अल्पसंख्यक क्षेत्रों में जा रहे है। इसी पर अनुराग ठाकुर ने कहा कि मनवमी की शोभायात्रा को शांति से नहीं निकलने दिया जाता है और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री कहती हैं कि हिंदू इस इलाके में ना जाएं तो क्या मुख्यमंत्री ही समाज को बांटने के




लिए आगे आ गई है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने कहा था, श्ये युद्ध का युग नहीं हैश्, लेकिन हमारे देश में दो राज्यों में हिंसा की घटनाएं हो रही हैं। सवाल उठता है कि इस हिंसा के पीछे समाज का एक तबका है या फिर तुष्टीकरण की राजनीति उन्हें बढ़ावा दे रही है। ममता बनर्जी ने शांति की अपील की और ''हिंदू भाइयों'' से अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कहा। उन्होंने दावा किया कि ''हिंसा भड़काने और तनाव पैदा करने'' का जानबूझकर प्रयास किया गया था।

### हिंसा प्रभावित क्षेत्रों का राज्यपाल ने किया दौरा

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस हुगली जिले के रिशरा का दौरा किया। यह वही इलाका है जहां पथराव हुआ था। राज्यपाल ने साफ तौर पर कहा कि हम पश्चिम बंगाल के लोगों के साथ हैं। उपद्रवियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होगी। अपने बयान में राज्यपाल ने कहा कि कुछ दिनों से जो घटनाएं यहां हो रही है हम इससे अवगत हैं, यह घटनाएं बिल्कुल ही सहनीय नहीं है। पूरी घटना में सख्त से सख्त कदम उठाए जाएंगे।

## एनएसए डोभाल से मिले भूटान के नरेश, डोकलाम पर चीन की करेंगे बोलती बंद ?

नई दिल्ली। भूटान के प्रधानमंत्री बीते दिनों ड्रैगन की सुर में सुर मिलाते नजर आए थे। डोकलाम में भारतीय और चीनी सैनिकों के आमने–सामने होने के छह साल बाद भूटान के प्रधानमंत्री ने ऐसा बयान दिया था जिससे भारत में खलबली मच गई थी। अब भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक सोमवार से तीन दिवसीय भारत दौरे पर हैं। भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक सोमवार को दो दिवसीय भारत यात्रा पर नयी दिल्ली पहुंचे जहां विदेश मंत्री एस जयशंकर ने हवाई अड्डे पर उनकी अगवानी की। भूटान के तीसरे राजा जिग्मे वांगचुक ने मंगलवार को भारत के नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजर (एनएसए) अजीत डोभाल से मुलाकात की। इसके बाद वो राजघाट पहुंचे, जहां उन्होंने महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। वांगचुक थोड़ी देर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके निवास पर मुलाकात करेंगे। शाम करीब 5 बजे राष्ट्रपति भवन में वांगचुक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलेंगे। वे आर्थिक एवं विकास सहयोग सहित दोनों देशों के करीबी द्विपक्षीय संबंधों को विस्तार देने के लिए विभिन्न नेताओं से बातचीत करेंगे। वांगचुक का दौरा उस समय हो रहा है जब पिछले हफ्ते ही भूटान के पीएम ने डोकलाम को तीन देशों का विवाद बताया था। मंत्रालय ने बयान में कहा था कि भूटान नरेश की यात्रा दोनों देशों के बीच लंबे समय से उच्च स्तरीय आदान–प्रदान की परंपरा के तहत हो रही है। विदेश मंत्रालय ने कहा था, 'भारत और भूटान करीबी मित्रता और सहयोग को साझा करते हैं जो समझ और आपसी विश्वास पर आधारित है। क्या कहा था भूटान पीएम ने?: बेल्जियम के दैनिक ला लिबरे के साथ एक साक्षात्कार में प्रधानमंत्री लोटे शेरिंग ने कहा कि डोकलाम विवाद को हल करने में चीन की भी समान भूमिका है। उनके हालिया बयान इस विवादित और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्र पर भूटान के बदलते पक्ष को दिखाते हैं। समस्या को हल करना अकेले भूटान पर निर्भर नहीं है। इस मुद्दे पर हम तीन देश हैं। कोई बड़ा या छोटा देश नहीं है, तीन समान देश हैं।



## पश्चिम बंगाल में जारी हिंसा पर बोले संजय राउत, जहां हारती है, वहां हिंसा कराती है भाजपा

मुंबई। पश्चिम बंगाल में जारी हिंसा को लेकर राजनीतिक वार–पलटवार का दौर लगातार जारी है। भाजपा पश्चिम बंगाल हिंसा पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साध रही है। तो वहीं मुख्यमंत्री की ओर से भी हिंसा को लेकर भाजपा को जिम्मेदार बताया जा रहा है। इन सब के पीछे उद्धव ठाकरे गुट के नेता संजय राउत का बड़ा बयान आया है। संजय राउत ने साफ तौर पर भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि जहां वह हारती है, हिंसा कराने की कोशिश करती है। अपने बयान में संजय राउत ने कहा कि कौन सा मुख्यमंत्री चाहेगा कि उसके राज्य में दंगे




हों? पश्चिम बंगाल की स्थिति बिगाड़ने का काम वहां का विपक्षी दल भाजपा कर रही है। भाजपा पर निशाना साधते हुए संजय राउत ने साफ तौर पर कहा कि यह उनका मॉडल बन गया है कि जहां भी उनके हारने की स्थिति होती है वह दंगे कराती है। महाराष्ट्र, कर्नाटक, बिहार में सब जगह भाजपा हार रही है और यही डर उनको सता रहा है। राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने हुगली जिले के रिशरा का दौरा किया, जहां कल पथराव हुआ था। राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने कहा कि किसी भी उपद्रवी को कानून को अपने हाथ में लेने नहीं देंगे। पुलिस इन लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी। लोगों के पास अमन और शांति के साथ रहने का अधिकार है। केंद्र और राज्य सरकार मिलकर काम करें और लोकतंत्र को बनाए रखें। राज्य में शांति बहाल की जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

## राहुल गांधी ने फिर साधा भाजपा पर निशाना

### पूछाः अडानी की कंपनी में 20 हजार करोड़ किसके हैं

नई दिल्ली। राहुल गांधी लगातार भाजपा पर जबरदस्त तरीके से हमलावर है। एक बार फिर से अडानी मुद्दे को लेकर उन्होंने साफ तौर पर भाजपा से सवाल पूछा है। उन्होंने कहा है कि अडानी की सेल कंपनी में 20000 करोड़ रुपए किसके हैं। भाजपा को इसका जवाब देना चाहिए। राहुल गांधी से पूछा गया था कि भाजपा कह रही है कि आप न्यायपालिका पर दबाव बना रहे हैं? इसी पर उन्होंने पलटवार किया है। उन्होंने साफ तौर पर पूछा कि अडानी की सेल कंपनी में 20,000 करोड़ रुपए किसके हैं? इसका जवाब देना चाहिए कि यह



पैसे किसके हैं। दरअसल, कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दल अडानी मुद्दे को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर हमलावर है। संसद में भी इस मुद्दे को लेकर हंगामा जारी है। विपक्ष लगातार इस मामले पर जेपीसी की मांग कर रहा है। अपने बयान में उन्होंने कहा कि यह जो 20,000 करोड़ रुपए अडाणी जी के शेल कंपनी में हैं ये किसके हैं? यह बेनामी हैं, यह किसके हैं? इससे पहले राहुल गांधी ने एक ट्वीट किया था। अपने ट्वीट में उन्होंने लिखा था कि ये 'मित्रकाल' के विरुद्ध, लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई है। इस संघर्ष में, सत्य मेरा अस्त्र है, और सत्य ही मेरा आसरा राहुल गांधी का यह ट्वीट सूरत कोर्ट से जमानत मिलने के बाद आया था। राहुल गांधी को मानहानि मामले में सूरत कोर्ट से 13 अप्रैल तक जमानत दे दी गई है। वहीं, निचली अदालत के फैसले को चुनौती देने की याचिका पर अब 3 मई को सुनवाई होगी। राहुल गांधी ने 'मोदी उपनाम' के संदर्भ में उनकी 2019 की टिप्पणी से संबंधित मानहानि के एक मामले में दोषसिद्धि के खिलाफ सोमवार को सत्र अदालत में अपील दायर की। अदालत ने उन्हें जमानत दे दी। एक अधिकारी ने बताया कि सत्र अदालत मामले की सुनवाई 13 अप्रैल को करेगी। राहुल को पिछले महीने यहां की निचली अदालत ने दोषी ठहराया था और दो साल के लिए जेल की सजा सुनाई थी। दो भगोड़े कारोबारियों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'उपनाम' के बारे में अपनी टिप्पणी में राहुल गांधी ने कहा था कि सारे 'चोरों' के 'उपनाम' मोदी क्यों हैं।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महावीर जयंती पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को महावीर जयंती के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं और सभी से हिंसा को अपने आचरण में ढालने का आह्वान किया। राष्ट्रपति मुर्मू ने अपने ट्वीट में कहा, ''महावीर जयंती पर सभी देशवासियों, विशेषकर जैन समुदाय को मैं हार्दिक बधाई देती हूं।'' उन्होंने कहा, ''भगवान महावीर ने सत्य, अहिंसा और अपरिग्रह की शिक्षा देकर मानवता को राह दिखाई। सभी देशवासी, अहिंसा को आचरण में ढालें, प्राणियों के प्रति करुणा का संकल्प लें तथा प्रकृति का संरक्षण करें।''






## पश्चिम बंगाल में हुई हिंसा पर बोलीं ममता, बीजेपी वाले कभी भी दंगा करा सकते हैं, मुझे हर वक्त अलर्ट रहना होता है

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में हुई हिंसा को लेकर राजनीति जबरदस्त तरीके से गर्म है। भाजपा लगातार पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार पर हमलावर है। तो वहीं दूसरी ओर ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस की ओर से हिंसा को लेकर भाजपा को जिम्मेदार बताया जा रहा है। इन सबके बीच ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में हुई हिंसा को लेकर कहा है कि बंगाल के लोग इसे पसंद नहीं करते। इसके साथ ही उन्होंने हिंसा के लिए भाजपा को ही जिम्मेदार बता दिया। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि भाजपा वाले कभी भी कहीं भी हिंसा करा सकते हैं। ममता ने कहा कि मुझे हर




वक्त अलर्ट रहना होता कि भाजपा कब कहां जाकर दंगा कर दे। ये लोग समझते नहीं हैं बंगाल के लोग दंगा पसंद नहीं करते। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि दंगा करना बंगाल की संस्कृति नहीं है। हम दंगा नहीं करते हैं, आम लोग दंगा नहीं करती है, भाजपा से नहीं हो पाता तो दंगा भड़काने के लिए वे किराए के लोगों को लेकर आते हैं। उन्होंने आगे कहा कि रामनवमी में जिस युवक की तस्वीर हथियार लेकर देखी गई थी, ऐसा ही सीपीएम करती थी। क्या आप सीपीएम का अत्याचार भूल गए हैं? इसके साथ ही ममता ने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि क्या आप नंदीग्राम, खेजुरी, कोलाघाट, तमलुक की घटनाएं भूल गए? आज सीपएम बड़ी–बड़ी बातें करती है, आज सीपीएम से ही सीख कर भाजपा ये यह रास्ता चुना है। ममता ने कहा कि ये भाजपा के लोग रामनवमी की शोभायात्रा में राम का नाम बदनाम करने के लिए हावड़ा में बुलडोजर लेकर गए, ट्रैक्टर और बंदूक लेकर गए, इनके पास पुलिस की इजाजत नहीं थी। उन्होंने कहा कि जबरदस्ती इन्होंने फल–सब्जी की दुकाने जला दी, लोगों के घर जला दिए। हावड़ा में शांति हुई तो दूसरे दिन ये(ठश्रच) लोग रिशड़ा चले गए। उन्होंने कहा कि ये लोग धर्म के नाम पर धर्म को बदनाम कर रहे हैं। पश्चिम बंगाल भाजपा महासचिव ज्योतिर्मय सिंह महतो ने पलटवार में कहा कि ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल में सरकार चलाने में नाकामयाब है इसलिए वो कुछ भी बोल रही हैं। तो वो अपनी नाकामयाबी न छुपाए। उन्हें तो तत्काल अपना पद छोड़ देना चाहिए। वो सरकार में हैं इसलिए कुछ भी नहीं कर सकती हैं।

# दयाल ग्रुप ने किया कृषक गोष्ठी का आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश
मनकापुर,गोण्डा। जनपद के बभनजोत ब्लाक के केशव नगर



ग्रांट पूर्वी मे दयाल ग्रुप कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमे बड़ी संख्या में किसान रहे मौजूद। मुख्य अतिथि के रूप में कम्पनी के रीजनल हेड करुणाशंकर मिश्रा व एरिया मैनेजर रजनीश तिवारी द्वारा बताया गया की सामान्य गेहूं प्रजाति के मुकाबले कनक मोती मे 25ः अधिक उपज प्राप्त होती है। कनक मोती में एक अंकुरण में 16 से 17 वियास कर हो जाते हैं और इसकी लंबाई 107 से 110 सेमी तक होता है,और एक बाली में 60 से 70 दाने होते हैं।इसकी ऊपज एक एकड़ मे 20 से 21 कुंटल होते हैं। गेहूं उत्पादन में उत्तर प्रदेश का महत्वपूर्ण स्थान है देश के कुल खाद्यान्न उत्पादन में गेहूं का योगदान लगभग 37ः है। गेहूं में प्रोटीन की मात्रा अन्य अनाजों की तुलना में सबसे अधिक होती है स इसलिए खाद्यान्न के रूप में यह बहुत ही महत्वपूर्ण है और इसकी मांग दुनिया भर में रहती है स किसानों को फसल की उत्पादकता बढ़ाने के लिए बीजों का सही से चयन करना अति आवश्यक है जिससे किसानों को ज्यादा फायदा हो सके स इस किसान गोष्ठी कार्यक्रम मे खाद बीज डीलर धनीराम वर्मा, आशीष पटेल, जोगेश वर्मा, राजकुमार वर्मा, रामविलास जायसवाल, और क्षेत्र के किसान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# दबंगों ने ब्याज के जबरन पैसे वसूलने को लेकर की पिटाई

दैनिक बुद्ध का संदेश
खरगूपुर/गोंडा। खरगूपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पटखौली के चमारन पुरवा निवासी हेमू गौतम ने स्थानीय थाने पर प्रार्थना पत्र देकर गांव के ही सीताराम तिवारी मोनू तिवारी व सोनू तिवारी के ऊपर ब्याज पर पैसे वसूलने को लेकर मारपीट करने गाली गलौज और धमकी का आरोप लगाया है पीड़ित ने अपने आरोप में बताया कि ध10000 उधार लिए थे कुल मिलाकर 28000 देने के बावजूद भी जबरन पैसे मांगे जा रहे हैं इसी बात लेकर गांव के बाहर गन्ना लादकर जा रहा था उपरोक्त लोगों ने रास्ते में रोककर पैसे की मांग की और भद्दी भद्दी गाली देते हुए मारा पीटा इसकी जानकारी स्थानीय थाने पर दी गई है लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई एक तरफ योगी सरकार गरीबों की समस्याओं को न्याय दिलाने के लिए कटिबद्ध है उसके बावजूद भी गरीबों को न्याय ना मिल पाना कहीं ना कहीं प्रशासनिक व्यवस्था की लापरवाही साफ दिखाई देती है इस बारे में खरगूपुर थाना पुलिस से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया की जानकारी मिली है उचित कार्रवाई की जाएगी अब देखना दिलचस्प होगा ऐसे गरीब परिवार को न्याय कब मिलता है यह तो आने वाला समय तय करेगा।

# नदी में नहा रहे युवक की डूबने से हुई दर्दनाक मौत

दैनिक बुद्ध का संदेश
इटियाथोक,गोण्डा। ब्लाक क्षेत्र अंतर्गत एक गांव के पास नदी



में नहा रहे युवक की पानी मे डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। ग्रामीणों ने मामले की जानकारी पुलिस को देते हुए शव को बाहर निकाला। स्थानीय लोगो ने बताया कि लक्षणपुर लालनगर गांव झाड़ फूंक के लिए अधिक प्रसिद्ध है। प्रत्येक मंगलवार और रविवार को झाड़ फूंक के लिए यहां दूर दूर से तमाम लोग आते है। लोगो ने बताया कि बलरामपुर देहात कोतवाली के कुकुरभुकवा गांव निवासी बलराम अपने कुछ साथियों के साथ लक्ष्मणपुर गांव में झाड़–फूंक कराने को आया था। वापस घर को लौटते समय अपने दोस्तों के साथ उजारपुरवा गांव के पास मौजूद कुवांनो नदी में नहाने लगा। नदी में गहराई का अंदाजा ना लगा पाने के कारण वह डूबने लगा। युवक को डूबता देख लोगों ने हल्ला गुहार मचाया। मौके पर पहुंचे गांव के तैराकों ने कड़ी मसक्कत से उसे बाहर निकाला, तबतक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना के जानकारी के बाद मृतक के घर परिवार में कोहराम मच गया। मौके पर नदी के घाट पर पहुंचे परिजनों का रोरोकर बुरा हाल रहा। घटना की जानकारी होने के बाद नदी किनारे आस पास के सैकड़ो लोग जमा हो गए। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# बस्ती राम युग के रामरेखा मंदिर पर लगा पौराणिक मेला

दैनिक बुघ्द्ध का संदेश
बस्ती। छावनी क्षेत्र के



रामायण कालीन रामरेखा आश्रम पर मंगलवार को बेहद मेले का आयोजन किया गया इस मेले में क्षेत्र के सैकड़ों गांव से अपार श्रद्धालु पहुंचे तथा रामरेखा नदी में पूजन अर्चन के साथ रामरेखा मंदिर में राम दरबार की पूजा किए त्रेतायुग में सीता स्वम्बर के बाद जनकपुर वापसी में अयोध्या जाते समय भगवान राम मां सीता के साथ इस स्थान पर रात्रि विश्राम किये थे तथा मां सीता को जल की आवश्यकता होने पर भगवान राम ने बाण से एक रेखा खींची तो धरती से जल की धारा निकली तभी से इस स्थान को रामरेखा नदी तथा रामरेखा मंदिर का नाम पड़ा मंदिर के पुजारी महंत दयाशंकर दास ने बताया कि यह पौराणिक मेला सदियों से चौत्र मास के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी के दिन लगता है मेले में आए श्रद्धालु मंदिर में राम दरबार का दर्शन कर अपनी मनोकामना करते हैं और मेले में बच्चे झूले का आनंद लेते दिखें तथा मेले में मिठाइयां खिलौने समेत अनेक प्रकार की दुकानें सजी थी लोगों ने मेले में जमकर खरीदारी किया रामरेखा मंदिर परिसर पर्यटन विभाग से हुए सुंदरीकरण के कामों से अब नए आकर्षण के रूप में दिखाई देता है क्षेत्र के छावनी अमोढ़ा, विशेश्वरगंज, दुबौलिया, विक्रमजोत, हर्रैया सहित अनेक दूरदराज से अपार श्रद्धालु मेले में आए सुरक्षा को लेकर छावनी थाना अध्यक्ष दुर्गेश पांडे द्वारा सुरक्षा के लिए महिला पुरुष सुरक्षाकर्मी तैनात रहे।

## घाट को स्वच्छ पाकर स्नान किये श्रद्दालु

*रामरेखा मेले में घाट को स्वच्छ पाकर क्षेत्रीय लोगो के सुबह से स्नान करने का क्रम जारी रहा बता दे समाजसेवी गोपाल जी सोनी वह मंदिर के पुजारी दयाशंकर दास के सहयोग से करीब एक महीने के मेहनत से नदी के घाट को निर्मल बनाया। 84 कोसी साधु महात्माओं के लिए घाट को निर्मल बनाने का समाजसेवी का अपना संकल्प था मेले में पहुंचे क्षेत्र के भुसिड़िया गांव के भगवत कथा वाचक पं० शिवाकांत तिवारी ने समाजसेवी गोपाल जी सोनी के इस कार्य की सराहना कर उन्हें जल पुरुष की संज्ञा दी समाजसेवी गोपाल जी सोनी ने कहा कि श्रदालुओ के घाट पर स्नान करने से हृदय निर्मल हुआ सरकार अपनी महत्वाकांक्षी योजनाओं को धरातल पर लाकर राम युग के इस राम रेखा नदी की संपूर्ण धारा को निर्मल बनाएं रामरेखा आश्रम हमारी संस्कृति व विरासत है मेले में स्वास्थ्य शिविर व खोया पाया केंद्र बिक्रमजोत सीएचसी से निःशुक्ल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ तथा छावनी पुलिस द्वारा खोया पाया केन्द्र भी बनाया गया छावनी पुलिस ने तीन बच्चे परिवार के लोगो से मेले में अलग हो गये थे जिन्हे परिजनो से मिलवाया। झूले तथा निशानेबाजी का रहा विशेष आकर्षण। रामरेखा मेले में विभिन्न प्रकार के झूले, जंपिंग सरफेस, निशानेबाजी खिलौना की दुकानें व बांसुरी बच्चो के आकर्षण का केंद्र रही है तथा पूजा पाठ सामग्री की दूकाने भी इस बार लगी रहे महिलाओ तथा युवा बच्चो में हाथो पर गोदने की चित्र अलेखन का विशेष रूचि रहा तथा इस बार मेले कई सालो की अपेक्षा कुछ ज्यादा उत्साह देखने को मिला।*

# जानलेवा हमला करने के 3 वाछिंत अभियुक्त गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश
अलावल देवरिया,गोंडा। पुलिस अधीक्षक गोण्डा आकाश तोमर ने अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत वांछित अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षकध्थानाध्यक्षों को कड़े निर्देश दिए थे। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना कोतवाली देहात पुलिस ने मुखबिर खास की सूचना पर गाली गुप्ता बलवा व जानलेवा हमला करने का 3 आरोपी अभियुक्तगण कृष्णमुरारी दूबे पुत्र जमुना प्रसाद दूबे निवासी दसियापुर थाना कोतवाली देहात जनपद गोंडा, गिरजाशंकर उर्फ महंत दूबे पुत्र कृष्ण मुरारी दुबे निवासी दसियापुर



कोतवाली देहात जनपद गोंडा, सुनील उर्फ इंचार्ज पुत्र कृष्ण मुरारी दुबे निवासी दसियापुर थाना कोतवाली देहात गोंडा को गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त अभियुक्तगण ने दिनांक 13.03. 2023 को पुरानी रंजीश को लेकर एक राय होकर वादी के पिता को जाति सूचक शब्द का प्रयोग करते हुए जान से मारने की नीयत से मारा पीटा था। जिसके सम्बन्ध में वादी द्वारा थाना कोतवाली देहात में अभियोग पंजीकृत कराया गया था। अभियुक्तगण के विरूद्ध मुकदमा अपराध संख्या 123ध 2023 धारा 307, 325, 324, 323 504, 506,भादवि 3(2)5 एससी एसटी एक्ट के तहत थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी। गिरफ्तार कर्ता टीम में उपनिरीक्षक विजय बहादुर मय टीम शामिल रहे।

# अज्ञात चोरों ने विद्यालय में चोरी करके किया हाथ साफ

दैनिक बुद्ध का संदेश
इटियाथोक,गोंडा। थाना क्षेत्र इटियाथोक अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय पेमईपुरवा पारासराय में बीती रात में अज्ञात चोरों ने चोरी



की घटना को अंजाम दिया। यहां तैनात प्रधानाध्यापक विश्वजीत यादव ने बताया कि स्कूल के समस्त कमरों का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। उन्होंने बताया कि कमरों में मौजूद समस्त सामानों को चोर ले जाने में सफल रहे। प्रधानाध्यापक ने कहा कि मामले की जानकारी विभागीय जिम्मेदारों को दी गई है और पुलिस में इसकी शिकायत की जाएगी।

# गैंगस्टर एक्ट में वांछित 25000 रुपये के इनामिया 04 अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश
बस्ती। थाना नगर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 79ध 23 धारा 3(1) उ0प्र0 गिरोहबन्द समाज क्रिया कलाप निवारण अधिनियम थाना कलवारी जनपद बस्ती से संबंधित मुकदमे में 25000 –25000/–रुपये इनामिया 04 अभियुक्तों को अमहट मजार ग्राम भुवर से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय बस्ती भेजा गया।गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण दीपू सोनकर पुत्र जियालाल सोनकर साकिन ग्राम गाना थाना कलवारी जनपद बस्ती उम्र 24 वर्ष ।गोलू सोनकर पुत्र मिठ्ठू सोनकर साकिन ग्राम गाना थाना कलवारी जनपद बस्ती उम्र 25 वर्ष ।अनिल सोनकर पुत्र गंगाराम सोनकर साकिन ग्राम गाना थाना कलवारी जनपद बस्ती उम्र 22 वर्ष ।रविन्द्र उर्फ झिन्ने पुत्र कल्पनाथ साकिन ग्राम गाना थाना कलवारी जनपद बस्ती उम्र 21 वष। अभियुक्तों का अपराधिक इतिहास मु.अ.सं. 0079ध2023 धारा 3(1)यू0पी0 गैंगस्टर एक्ट थाना कलवारी जनपद बस्ती। मु.अ.सं. 68ध 21 धारा 457ध380ध411 आईपीसी थाना कलवारी जनपद बस्ती। मु.अ.सं. 193ध 21 धारा 457ध380ध411 आईपीसी थाना कलवारी जनपद बस्ती। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम थानाध्यक्ष नगर जनार्दन प्रसाद हे0का0 मृत्युन्जय मिश्रा, का0सुनील कुमार चौहान, का0 मंजीत यादव थाना नगर जनपद , कां0 ईशान्त कुमार थाना बस्ती, का0 संत प्रजापति व म0का0 प्रतिमा कुमारी।




# पुलिस वाहन को अनियंत्रित पिकप ने मारी ठोकर

दैनिक बुद्ध का संदेश
उतरौला/बलरामपुर। थाना गैंडास बुजुर्ग के पुलिस वाहन



को अनियंत्रित पिकप ने मारी ठोकर गनीमत यह रही कि की दोनों चालक सुरक्षित बाल बाल बचे। थाना गैंडास के सरकारी वाहन चलाकर उतरौला आ रहे आरक्षी राम अशीष मिश्रा जैसे ही डुमरियागंज मार्ग पर पिपरा राम के पास सोमवार रात्रि लगभग 10 बजे सामने से आ रही पिकप ने जोरदार टक्कर मार दी । पिकप का चालक बाल बाल बच गया लेकिन आरक्षी राम आशीष मिश्रा को गंभीर चोटे आईं। पुलिस की मदद से घायल आरक्षी को उपचार हेतु उतरौला के एक साजिदा हास्पिटल में भर्ती कराया गया जहां उनका उपचार डॉक्टर एहसान खान के देखरेख में हुआ। थानाध्यक्ष गौरव सिंह तोमर ने बताया कि वाहन को कब्जे में ले लिया और चालक को हिरासत में लेकर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# तीन मंजिला आवासो में पेयजल आपूर्ति के कोई इंतजाम नहीं

दैनिक बुद्ध का संदेश
उतरौला/बलरामपुर। लगभग पन्द्रह वर्ष पहले से निर्मित गरीबों के लिए बनाए गए तीन मंजिला सैकड़ों आवासो में पेयजल आपूर्ति के कोई इंतजाम नहीं है। सैकड़ों आवास अधूरे पड़े हैं। आवास में अवैध कब्जे दारो ने कब्जा कर रक्खा है। आदेश नगर पालिका परिषद उतरौला क्षेत्र के मोहल्ला पटेल नगर में लगभग पन्द्रह वर्ष पहले गरीबों के आवास के लिए सैकड़ों आवासो का निर्माण डूडा द्वारा कराया गया। लेकिन निर्माणदाई संस्था आवास निर्माण कार्य अधूरा छोड़कर फरार हो गई। आवास निर्माण में पेयजल आपूर्ति के लिए पानी इकठ्ठा करने के लिए लाई गई पानी की टंकी आज भी आवास भवन में बनीं सीढ़ी के नीचे रक्खी हुई है। पानी की आपूर्ति के लिए तीन मंजिला भवन पर लोहे की पाइप



लाइन नहीं लगाई गई है। मजबूरन तीन मंजिला भवन पर रहने वाले गरीब नीचे लगे हैण्ड पम्प से पानी तीन मंजिला तक ले जाते हैं। आवास भवन व आस पास सफाई के लिए सफाई कर्मचारी तैनात नहीं है। बिजली कनेक्शन स्थाई न होने से कटिया कनेक्शन की भरमार है। सैकड़ों आवास के सामने बने पार्क इंतजाम के अभाव में उसके चारों ओर बने दीवार गिर गये है। पार्क का इंतजाम न होने से लोग इसमें कूड़ा फेंकते हैं। आवास भवन की इंतजाम न होने से इसकी दीवारों के प्लास्टर जगह जगह टूट गये है। रंग रोगन निर्माण के बाद से आज तक नहीं किया गया है। आवास निर्माण में भारी अव्यवस्था व मानक के विपरित भवन निर्माण अपूर्ण होने से डूंडा ने इसे पन्द्रह वर्ष के बाद अभी तक नगर पालिका परिषद उतरौला को हस्तांतरित नहीं किया गया है। आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला के वरिष्ठ लिपिक उमा शंकर सिंह ने बताया कि आवासीय भवन का निर्माण डूंडा ने कराया था लेकिन उसका हस्तांतरण नगर पालिका परिषद उतरौला को अभी तक नहीं किया गया है। आवास भवन का हस्तांतरण न होने से उसके साफ सफाई का इंतजाम नगर पालिका परिषद उतरौला नहीं कर पा रही है।

# उतरौला पावर हाउस मे अचानक हुआ विस्फोट

दैनिक बुद्ध का संदेश
उतरौला,बलरामपुर। मंगलवार दोपहर में लगभग डेढ़ बजे पावर हाउस टाउन फीडर नंबर दो मे अचानक विस्फोट हुआ। विस्फोट के साथ फीडर नंबर 2 में आग लग गई । आग पर एसएसओ मीसम अब्बास व विद्युत कर्मचारियों ने बड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया। ड्यूटी पर संविदा कर्मी एसएसओ मीसम अब्बास थे। अग्निकांड की घटना को देखते हुए फीडर को इटई मैदा से बंद कराया गया। संविदा कर्मी लाइनमैन मोहम्मद उमर ने बताया कि फायर ब्रिगेड को कई बार फोन लगाया लेकिन फोन नहीं लगा फिर बदलपुर



पावर हाउस एसएसओ को फोन लगाया तब उन्होंने फायर बिग्रेड से संपर्क किया। तब जाकर फायर ब्रिगेड पहुंची तब तक आग पर काबू पा लिया गया था। जेई उतरौला कृष्णा लाल कनौजिया ने बताया कि आज दोपहर फीडर नंबर 2 में अचानक विस्फोट हुआ और विस्फोट होने के साथ आग लग गई जिसमें हमारे संविदा कर्मी एसएसओ मीसाम अब्बास बाल बाल बच गए। 70ः फीडर जलकर राख हो गया है। उच्च अधिकारियों को सूचना दे दी गई है ।फीडर रिपेयर होने पर लाइट जल्द ही दी जाएगी। आग को बुझाने में कन्हैया लाल, राधेश्याम पांडे, अमित कुमार, बरकतुल्लाह, सलाहुद्दीन, हीरालाल, संतोष वर्मा मौजूद रहे।

# मनुष्य की जिंदगी परमात्मा की बंदगी करना है: महात्मा राम जन्म





दैनिक बुघ्द्ध का संदेश

बर्डपुर,सिद्धार्थनगर। संत निरंकारी मिशन के तरफ से ककरहवा के बरगदवा में मंगलवार को सतसंग का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि वाराणसी के सेवादल संचालक महात्मा राम जन्म ने कहा मनुष्य की जिंदगी परमात्मा की बंदगी करना है। सेवादल संचालक ने कहा सुख, शांति, अमन, प्यार मोहब्बत बनी रहे इसके लिए लोग 18 से 20 घंटे कार्य कर रहे हैं। सभी को बढिया खाना कपड़ा चाहिए, अच्छा जीवन चाहिए किस लिए इसका जबाब किसी के पास नही है। बिन सतसंग के परमात्मा की प्राप्ति नही हो सकती हैं। निरंकारी मिशन साक्ष्य के साथ व्यवहारिक बात करता हैं। हवा हवाई नही, किसी भी महात्मा से मिलकर प्रमाण ले सकते हैं।मंदिर कहा बनाना है जमाना नही समझ पाया। मन को मंदिर बनाना है जिसमे भगवान की मूरत स्थापित हो। जिनकी उतपत्ति परमात्मा से है वह उसका अंश हैं। शरीर साधन हैं इस मूल में समा जाने का साधन हैं। इसको छोड़कर ही आगे बढ़ा जा सकता हैं। परमात्मा से मिलने के लिए शरीर जरूरी हैं। भगवान की जरूरत हो न हो लेकिन सुख, शांति की सभी को जरूरत हैं। शरीर से ज्यादे कीमत की कोई वस्तु संसार मे नही हैं।

लेकिन शरीर में सास होनी चहिए। जिसका मालिक केवल ईश्वर है। किसकी कितनी सासे हैं यह मालिक के हाथ मे हैं। ईश्वर के घर का दरवाजा सतगुरु का चरण होता हैं। युगों युगों का प्रमाण हैं जो गुरु के चरण में आया उसे भगवान जरूर मिल गए। फूल को मसलने में देर हैं लेकिन भगवान को जानने में देर नही हैं।

संतसंग को संबोधित करते हुए नेपाल के ज्ञान प्रचारक कृष्ण कन्हैया पाठक ने कहा जिनको परमात्मा के दर्शन की प्यास लगी हैं। वह जरूर सतसंग में पहुचेगा। जिनकी हम पूजा इबादत करते हैं उस प्रभु परमात्मा की जानकारी कर लेना जरूरी हैं। आयोजक महात्मा भीखी चौधरी ने सभी का सेवा सत्कार किया। संचालन राम सुमेर, मुखी डा. राजाराम यादव, राम कुमार, श्रवण कुमार, संदीप, राम राज राही, राम औतार, संतराम प्रधान प्रतिनिधि मुलायम सिंह आदि लोगो ने अपने बिचार रखें। इस अवसर पर तमाम निरंकारी श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## सोसायटी आफ इंडिया की जिला स्तरीय बैठक का हुआ आयोजन



दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी,सिद्धार्थनगर। स्थानीय ब्लाक सभागार में दि बुद्धिस्ट गया। बैठक की शुरुआत पूर्व प्रांतीय संगठन शिश कुमार बौद्ध ने गौतम बुद्ध बाबा साहेब के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर किया। रामधनी बौद्ध ने लोगों को चित्रण एवं पंचशील ग्रहण कराया ।बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष किशोर गौतम ने किया। इस दौरान प्रांतीय उपाध्यक्ष , प्रांतीय संगठन मंडल महासचिव कोषाध्यक्ष गौतम मंडल सचिव कटेश्वर प्रसाद कनौजिया रामप्रकाश गौतम की उपस्थिति में तहसील इकाई का गठन किया गया जिसमें गिरीश चंद्र व जोखन प्रसाद को उपाध्यक्ष, हरीश आर्य को महासचिव, रामवृक्ष को कोषाध्यक्ष, आशीष गौतम को आडीटर, जय श्री प्रसाद को सचिव ,अश्वनी कुमार, सर्वेश गौतम, संतराम, अशोक कुमार को सचिव, रामसेवक, लोचन प्रसाद ,आनंद किशोर गौतम, अजय प्रताप, सर्वेश कुमार, श्रीचंद धारिया ,डॉक्टर गजेंद्र प्रताप बौद्ध को तहसील संगठन वा रामनानंद, राम प्रकाश, चंद्र प्रकाश को मंडल संरक्षक मनोनीत किया गया।

## संदिग्ध अवस्था में मिला युवक का शव

दैनिक बुद्ध का सन्देश

उसका बाजार,सिद्धार्थनगर। थाना क्षेत्र उसका बाजार के ग्राम





पंचायत लक्षनपुर के निवासी शहीद पुत्र सकिन्दर उम्र 25 वर्ष का शव थाना क्षेत्र बृजमनगंज के ग्राम बरजी के चोरहटवा नाले के पास मंगलवार को मिला जिसके बाद से आस पास के लोगो में सनसनी सी फैल गए ग्रामीण ज्यादा भयभीत हो गए। शव के जानकारी के बाद बृजमनगंज थाना और उसका बाजार थाना घटना स्थल पर पहुंच गई तथा मृतक युवक के गले पर निशान भी पाए गए है जैसे ही सूचना मृतक के परिवार को पड़ती है तो कोहराम मच गया। मृतक युवक के पिता सकिंदर ने बताया कि युवक सोमवार को रात 8 बजे से लगभग गायब था और घर नही आया सुबह होते ही एक लड़के ने सूचना दिया जिसके बाद पहुंचकर शव की पहचान की गई। बृजमनगंज थाने की पुलिस पहुंचकर शव को उसका बाजार पुलिस को सौंप दी। घटना स्थल पर सदर क्षेत्राधिकारी अखिलेश कुमार वर्मा भी पहुंचे और घटना स्थल का जायजा लिया। उसका बाजार थाना प्रभारी दिनेश कुमार सरोज ने बताया कि मृतक परिवार के लोगो ने तहरीर दी है जिसके बाद से शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है रिपोर्ट आने के अनुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## मेडिकल स्टोर की आड़ में चल रहा अवैध अल्ट्रासाउंड का धंधा


दैनिक बुघ्द्ध का संदेश

बांसी,सिद्धार्थनगर। गोल्हौरा थानाक्षेत्र के जिगनिहवा चौराहे पर मेडिकल स्टोर की आड़ में अवैध तरीके से अल्ट्रासाउंड चला रहे दो लोगों के यहां छापेमारी कर प्रशासन ने उन्हें सील कर दिया है, और मसीनों को कब्जे में ले लिया है। उक्त दुकानों से भारी मात्रा में प्रतिबन्धित व एक्सपायरी दवाइयां, इंजेक्शन आदि भी बरामद किया है। सोमवार को उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार व स्वास्थ्य विभाग तथा गोल्हौरा थाना पुलिस ने जिगनिहवा चौराहे पर हिंदुस्तान फार्मा क्लिनिक व जोहरा फार्मा क्लिनिक सेंटर पर छापेमारी किया। दोनों दुकानों से एक–एक अदद अल्ट्रासाउंड मसीन, ग्लूकोज की प्रयोग की गईं खाली बोतलें, भारी मात्रा में प्रतिबंधित व एक्सपायरी तथा बच्चों की




दवाइयां तथा ऑपरेशन करने का किट आदि बरामद कर कब्जे में ले लिया है। और हिंदुस्तान फार्मा संचलाक समद अली को पुलिस के हिरासत में सौंप दिया। जोहरा फार्मा का संचालक छापेमारी की सूचना पर दुकान में ताला लगाकर कहीं चला गया। उपजिलाकारी प्रमोद कुमार ने उसकी दुकान का ताला तोड़वाकर बरामदगी कराया, और दोनों दुकानों को सील करा दिया है। छापेमारी के डर से चौराहे की मेडिकल की कई दुकाने बन्द रहीं। क्षेत्र में अन्य मेडिकल के अवैध कारोबारियों में हड़कम्प मच गया है। उक्त बावत उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार व स्वास्थ्य टीम ने कहा कि काफी दिनों से इन दुकानों के बारे में सूचना मिल रही थी। जिसके क्रम में यह कार्रवाई की गई है। पकड़े गए दोनों के खिलाफ विधिक कार्रवाई कराई जाएगी। कहा कि छापेमारी का क्रम आगे भी जारी रहेगा। एसएचओ बलजीत राव ने कहा कि पूंछताछ व जांच के बाद मुकदमा दर्ज किया जाएगा। फिलहाल जो भी हो इसी तरह ग्रामीण क्षेत्र में अवैध अल्ट्रासाउंड संचालकों द्वारा लिंग परीक्षण व गर्भपात का व्यवसाय कई अन्य स्थानों पर भी फल फूल रहा है। देखना यह है कि प्रशासन उन तक भी पहुंच कर ऐसी कार्रवाई करेगा या नही भविष्य के गर्भ में है। छापेमारी में नोडल ऑफिसर डा. एमएम त्रिपाठी डिप्टी सीएमओ बीएन चतुर्वेदी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसन्तपुर के अधीक्षक डा. राजीव रंजन, बीपीएम ओपी द्विवेदी आदि सहित कई पुलिस कर्मी शामिल रहे।

## बिना तपस्या कुछ भी प्राप्त नही होता है : वेदांती नंदन जी महाराज



दैनिक बुद्ध का संदेश

डुमरियागंज,सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज के वार्ड नम्बर 13 लक्ष्मण नगर में चल रहे संगीतमयी श्री मद भागवत कथा के तीसरे दिन वृन्दावन से पधारे वेदांती नंदन जी महाराज ने शिव पार्वती के विवाह का प्रसंग सुनाया इस प्रसंग को सुनाते हुए महाराज ने कहा कि भोलेनाथ को पति रूप में प्राप्त करने के लिए माता पार्वती ने भी बहुत कठिन तपस्या किया था द्यकठिन तपस्या और अनुशासन से इंसान कुछ भी प्राप्त कर सकता है। इस अवसर पर मुख्य जजमान हरीश चंद्र दूबे, निर्मला देवी, राकेश शास्त्री, लाल साहब, मंगल दादा, कमलेश, उत्कर्ष, हर्ष, भोला, सनी, मुन्ना समेत सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## सम्स हेल्थ क्लिनिक पर आयोजित हुआ रोजा इफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

डुमरियागंज,सिद्धार्थनगर। टाउन के बैदौला चौराहा स्थित सम्स डेंटल एवं हेल्थ क्लीनिक पर एक रोजा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें तमाम रोजेदारों ने भाग लिया। रोजा इफ्तार में लोगों ने अमन चौन के लिए दुआएं मांगी। मोहम्मद हुसैन सिद्दीकी के द्वारा आयोजित रोजा इफ्तार कार्यक्रम में हाफिज अरबाब फारुकी ने कहा कि रमजान का महीना बड़ा ही पाक महीना होता है। इस महीने में लोगों को पाबंदी



के साथ रोजा रखना चाहिए तथा नवाज, जकात व अन्य बातों पर भी ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी लोग अमन शांति के लिए दुआ करें। वही कार्यक्रम आयोजक डॉ मोहम्मद हुसैन सिद्दीकी ने आए हुए सभी रोजेदारों का शुक्रिया अदा किया। इस मौके पर इंजीनियर इरशाद अहमद, डॉक्टर फैजान अहमद, डॉक्टर इम्तियाज अहमद, डॉक्टर सगीर अहमद, अहमद फरीद अब्बासी, सपा नेता राम कुमार उर्फ चिंकू यादव, जहीर मलिक, डॉक्टर वासिफ, काजी नियामतुल्लाह, सोहेल फारुकी, ताकिब रिजवी, राजू श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, अतुल श्रीवास्तव, बजरंग श्रीवास्तव, अंबिका, अतीकुर्रहमान, फिरोज अख्तर, जमाल अहमद उर्फ मुन्नू, साबान, दानिश अख्तर आदि लोग उपस्थित रहे।

## संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर चला मुहिम

दैनिक बुद्ध का सन्देश

डुमरियागंज,सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत मंगलवार को डुमरियागंज क्षेत्र के बहेरिया स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर में झाड़ू लगा कर प्रधान संघ अध्यक्ष दिलीप पाण्डेय उर्फ छोटे ने स्वच्छता का संदेश दिया। साथ ही लोगों को साफ सफाई के प्रति जागरूक किया। एक अप्रैल से शुरू हुए अभियान के चौथे दिन को डुमरियागंज क्षेत्र के गांवों में स्वच्छता अभियान के तहत सफाई कर्मचारियों ने झाड़ियों की कटाई के साथ–साथ सफाई कार्य किया। बहेरिया में प्रधान संघ अध्यक्ष दिलीप पाण्डेय उर्फ छोटे ने स्वयं झाड़ू लगाकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। साथ ही रैली निकाल कर संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर लोगों को जागरुक किया। सफाई कर्मचारियों की टीम में कैलाश नाथ, पाटेश्वरी आदि शामिल रहे। वहीं बीडीओ अमित सिंह ने बताया कि सफाई अभियान में किसी भी कर्मचारी की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सफाई व्यवस्था की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है।



# वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में बच्चों ने लूटी वाहवाही

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर।

- स्कूली बच्चों ने विद्यालय में शिक्षा व परिवार में संस्कार के महत्व को नाटक (जैसी करनी वैसी भरनी) के माध्यम से फैलाई जागरुकता
- शारदा पब्लिक स्कूल में आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में बच्चों ने संगीत, नृत्य व नाटकों की प्रस्तुति से बाधा समां

सोमवार को स्थानीय शारदा पव्लिक स्कूल में प्रधानाचार्य अरविन्द अग्रहरि की अध्यक्षता एवं उप प्रधानाचार्य मो० मुख्तार अलाम की अगुवाई में वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम को लेकर प्रधानसंघ जिलाध्यक्ष डा.पवन मिश्रा ने कहा कि शिक्षा एक इंसान के जीवन मे बहुत अहमियत रखती है शिक्षा से ही मनुष्य के जीवन का सर्वांगीण विकास होता है। कौशैलेन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि लक्ष्य तय करके ही विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई करनी चाहिए। जिसका लक्ष्य निर्धारित नहीं होता उसको मंजिल नहीं मिलती है। इसलिए लक्ष्य के साथ कठिन परिश्रम कर पढ़ाई की जाए तो सफलता स्वतः ही मिल जाती हैं। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा कार्यक्रम में आये अतिथियों को बैज लगाकर, माला पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना एवं गणेश वंदना से हुई। कार्यक्रम में स्कूली छात्र छत्राओं ने एक के बाद एक शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी। बालिकाओं ने






स्वागत गीत के द्वारा अतिथियों का स्वागत सम्मान किया और प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया ।इसके साथ ही ऐ मेरे दोस्त लौट के आजा नाटक श्रवण, जुबेर, राधाकृष्ण झाकी खुशी, तमन्ना, शंकर पार्वती झाकी, टिक–टिक करता तारा हर्षिता, नैन्सी, अनन्या, श्रेष्ठा, आराध्या, अभिनन्दन, आकाक्षा, आर्यन, कार्तिक, बेटी हिन्दुस्तान की राजिया, मनीषा, सरगम, नीकिता त्रिपाठी, नेहा,सुन्दरी, एक भारत श्रेष्ठ भारत नाटक खुशी ज्योति रिद्धि तमन्ना प्रिया दिव्या तनु तब तो प्रतिभा श्रेष्ठ आराध्या अभिनंदन आकांक्षा आयरन कार्तिक रजिया मनीषा सरगम नीत का नेहा सुंदरी हर्षिता अनन्या अनन्या श्रेष्टा आराध्या आदि नन्ही मुन्नी बालक बालिकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में मेरे पापा मेरे संसार शंकर पार्वती झाँकी खड़ी खड़ी भांग न पिसाओ जी नीचे फूलों की दुकान ऊपर तेरी उंगली पकड़कर चला माँ, नाटक के माध्यम से..जैसी करनी वैसी भरनी, डान्स नैनो वाले ने छेड़ा मन का तारा, जब सर पर हाथ फेरे मैं समझू हुआ सवेरा, माटी माथे से लागेला मितवा, ई तन के हो आदि आकर्षण के केंद्र रहे। साथ ही स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए साफ सफाई पर जोर देने हेतु प्रेरित किया गया ।सांस्कृतिक कार्यक्रम मे मौजूद अतिथियों ने स्कूली बच्चों के परफॉर्मेंस की सराहना करते हुए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद इमरान खान ने किया ।इस दौरान डा. पवन मिश्रा, रामविलास यादव, मेजर सिंह चौहान,पटेश्वरी प्रसाद श्रीवास्तव, प्रबंधक आशीष कुमार श्रीवास्तव, उप प्रधानाचार्य मोहम्मद मुख्तार आलम (चांद सर), सर्वेश सिंह ,अशोक गोस्वामी, विजय बहादुर, कमलेश चौरसिया, अवध बिहारी त्रिपाठी, मेराज अहमद ,अवधेश चौधरी, अमरेश त्रिपाठी, सुनील मद्धेशिया, अभिषेक अग्रहरि, कुमारी शबनम परवीन, आशिया, कुसुमलता श्रीवास्तव, अभिषेक यादव, अविनाश गौड़, शिव नारायण सहानी, संजय मिश्रा, प्रदीप उपाध्याय, सरताज आलम, सरवण पटवा, मिथिलेश मिश्रा, अनुभव श्रीवास्तव, पप्पू गुप्ता, अनवर कमाल, निजाम अंसारी, लोकेश धर दुबे, राधाकृष्ना, राजेश शर्मा, शमशेरुल इस्लाम आदि लोग मौजूद रहे। अक्सर पत्रकार जब किसी कार्यक्रम समारोह आदि में जाता है तो उसका काम केवल समाचार कवरेज, फोटो क्लिक और वार्ताओं तक रह जाता है, और वह अपने कार्य को करने के बाद चला आता है। कार्यक्रम खघ्त्म हुआ बात खत्म हो गई। मैं भी सामान्य रूप से कार्यक्रम में गया, किन्तु शोहरतगढ़ स्थित शारदा पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के दौरान बड़े भाई अजीज अहमद, वकील खान भैया, के मुझे भी मंच पर बुलाया गया, सम्मानित किया गया। इस हेतु प्रधानाचार्य श्री अरविंद अग्रहरी जी, उप प्रधानाचार्य मो० मुख्तार अलाम जी, प्रबंधक आशीष कुमार श्रीवास्तव जी व शानदार संचालन हेतु मोहम्मद इमरान खान जी को हृदय से आभार व सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दी।

# सम्पादकीय

**अगर इन सावधानियों के साथ आगे बढ़ा जाए, तो सारे धार्मिक कार्य निर्विघ्न संपन्न हो सकते हैं। मगर अभी जो हालात हैं, उसमें यह नजर आ रहा है कि सांप्रदायिक सौहार्द्र बिगड़ने की आशंकाओं के बावजूद पर्याप्त सावधानी नहीं बरती गई। ऐसा क्यों हुआ, यह विचारणीय है। पिछले साल ही हनुमान जयंती के मौके पर दिल्ली में ...**

## त्योहार पर हिंसा

रामनवमी के दिन देश के कई राज्यों में सांप्रदायिक हिंसा भड़क उठी और कई राज्यों में हालात अब तक सामान्य नहीं हैं। कुछ बरस पहले तक सांप्रदायिक हिंसा की घटनाएं, आगजनी, तोड़फोड़ जैसी खबरें समाज में घबराहट का माहौल बना देती थीं। लोग केवल अपनी ही नहीं, समाज और देश की सुरक्षा के लिए भी चिंतित हो जाते थे। मगर देश बदलने की जो नयी धुन लोगों में भर दी गई है, उसके बाद संवेदनाएं भी बदल गई हैं। अब धर्म की सुरक्षा का सवाल इतना अहम हो गया है कि इसके आगे जिंदा इंसानों का कोई मोल नहीं। इंसान जिएं या मरें, धर्म अमर रहना चाहिए, कुछ इस सोच के साथ देश आगे बढ़ रहा है। अब त्योहारों का मतलब भी खुशियां मनाना और बांटना नहीं, बल्कि अपने धर्म के परचम को ऊंचा करके लहराना है ताकि दूसरे धर्म के लोगों को आतंकित किया जा सके। रामनवमी सदियों से देश के बड़े हिस्से में मनाया जाता रहा है, और इसमें कभी हिंसा के लिए कोई स्थान नहीं रहा। मगर अब ऐसा नहीं रहा है। रामनवमी हो या विजयादशमी, शस्त्रों का प्रदर्शन किया जाता है, शोभायात्राओं के बहाने सड़क पर बहुसंख्यक होने के गौरव का अशोभनीय प्रदर्शन किया जाता है। दूसरे तमाम धर्मावलंबियों को चालाकी से यह संदेश देने की कोशिश की जाती है कि वे इस देश में दोयम दर्जे के नागरिक हैं। संविधान में ऐसा कहीं नहीं लिखा है, लेकिन अभी तो एक नया ही राजनैतिक विधान रचा जा रहा है, जिसमें इस तरह की सोच को बढ़ावा मिल रहा है। रामनवमी पर बिहार, प.बंगाल, महाराष्ट्र, झारखंड, गुजरात ऐसे तमाम राज्यों से जो तस्वीरें और खबरें सामने आईं, वो चिंतित करने वाली हैं। रामनवमी के जुलूसों में लाठी, भाले लेकर चलना, जुलूस को जबरदस्ती दूसरे धार्मिक स्थलों के सामने से लेकर गुजारना, इमारतों पर भगवा रंग पोत देना, हनुमान जी का गुस्से वाला चेहरा, राम जी की प्रत्यंचा ताने क्रोधित मुद्रा वाले पोस्टर लगाना और तेज आवाज में धार्मिक गीत बजाना, ये सारी हरकतें किसी कोण से राम जी की भक्ति वाली नजर नहीं आती। बल्कि इनके पीछे दूसरे धर्मावलंबियों को छेड़ने, भड़काने और हिंसा के लिए उकसाने की साजिश नजर आती है। हिंदू धर्म कभी संकीर्ण और अनुदार नहीं रहा है। अगर रहा होता, तो भारतीय समाज में गंगा–जमुनी संस्कृति जैसी मिसालें कभी बनती ही नहीं। भारतीय संस्कृति की खासियत अनेकता में एकता वाली रही है और इसे संविधान में भी बखूबी निभाया गया है। मगर अब इस खासियत को तंग नजरिए से तोड़ा जा रहा है. जो चिंता की बात है। इस बार नवरात्रि और रमजान साथ–साथ चले, जो बहुत सामान्य बात है। इससे पहले भी कई बार दो धर्मों के त्योहारों की तारीखें आस–पास पड़ती रही हैं। ऐसे में समझदारी दिखाते हुए इस तरह से आयोजन किए जाते रहे हैं, जिससे कोई किसी के लिए उलझन या बाधा न खड़ी कर सके। धार्मिक शोभायात्राओं के लिए स्थानीय प्रशासन अनुमति देता है, वही जुलूस निकलने का रास्ता तय करता है, जुलूस में कितने लोग शामिल हो सकते हैं, इसका अनुमान लगाया जाता है। सारी संभावनाओं पर विचार करने के बाद ही जुलूस को आगे बढ़ने की अनुमति मिलती है। भारत जैसे बहुधर्मी देश में यह स्वाभाविक है कि कोई भी धार्मिक जुलूस जिस राह से गुजरे, वहां कोई दूसरा धार्मिक स्थल हो। ऐसे में यह पुलिस प्रशासन की जिम्मेदारी है कि वह ऐसे रास्तों का विकल्प तलाश करे या फिर नगर–कस्बे के जिम्मेदार लोगों की समिति बनाकर, एक दिशा निर्देश तैयार करे, सभी समुदायों के लोगों को भरोसे में ले और फिर धार्मिक जुलूस निकालने की इजाजत दे। जुलूस या शोभायात्रा में किस किस्म के गीत बजेंगे, किस तरह के पटाखे चलाए जाएंगे, श्रद्धालु अपने साथ क्या सामान लेकर चलेंगे, इस सब की सूची बनाकर यह निश्चित किया जाए कि ऐसी कोई चीज इस्तेमाल न हो, जो शांति और सौहार्द्र बिगाड़ने का काम करे।

## एकता का विकल्प नहीं

बात यहां तक पहुंच चुकी है कि साधारण से बयानों और पोस्टरों को लेकर विपक्ष के खिलाफ कानूनी मामले बढ़ते चले जा रहे हैं। तो सवाल उठा है कि क्या सरकार विपक्ष के नेताओं को कानूनी मामलों में फंसा कर उनकी आवाज दबाना चाह रही है? विपक्षी दलों में राष्ट्रीय स्तर पर अभी दिख रही एकजुटता आगे चल कर क्या शक्ल लेगी, इस बारे में अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगी। अगर एकता टिकी भी रही, तो यह अगले आम चुनाव में कितनी प्रभावी होगी, इस बारे में भी अभी कोई अनुमान नहीं लगाया जा सकता। फिलहाल सिर्फ यह साफ है कि विपक्षी दलों ने महसूस किया है कि अब पानी सिर के ऊपर से गुजर रहा है– अगर अब वे साथ नहीं आए, तो एक–एक कर सबका अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा। बात सिर्फ राहुल गांधी पर हुई कार्रवाई की नहीं है। बल्कि यह यहां तक पहुंच चुकी है कि साधारण से बयानों और पोस्टरों को लेकर विपक्ष के खिलाफ कानूनी मामले बढ़ते चले जा रहे हैं। तो यह वाजिब सवाल उठा है कि क्या सरकार विपक्ष के नेताओं को कानूनी मामलों में फंसा कर उनकी आवाज दबाना चाह रही है? जाहिर है, तमाम विपक्षी दल ऐसा ही महसूस कर रहे हैं। मानहानि के प्रावधान का जिस तरह सियासी इस्तेमाल हुआ है, उसने अब जाकर विपक्षी समूहों की आंख खोली है। जिस मामले में राहुल गांधी की संसद सदस्यता गई, उसकी सुनवाई करीब चार साल तक चली। अब जाकर अचानक कार्यवाही क्यों तेजी हुई, इसको लेकर विपक्ष अपने अपने निष्कर्ष निकाले हैं। राहुल गांधी के खिलाफ इसके पहले भी मानहानि के मुकदमे दर्ज किए गए हैं। महाराष्ट्र, असम, झारखंड आदि में उनके खिलाफ मानहानि के कई मुकदमे चल रहे हैं। लेकिन मानहानि ही विपक्ष के नेताओं को परेशान करने के लिए सरकार के पास इकलौता जरिया नहीं है। भ्रष्टाचार और अन्य आरोपों के आधार पर केंद्रीय एजेंसियों का विपक्ष के नेताओं को ही निशाना बनाना इसी सिलसिले की एक कड़ी मानी गई है। गुजरात में एक कांग्रेस कार्यकर्ता को प्रधानमंत्री की तस्वीर फाडने के आरोप में सजा हुई है, तो दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना करने वाले पोस्टरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दिल्ली पुलिस ने दर्जनों मामले दायर किए हैं और छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। ऐसा इसके पहले आजाद भारत में कभी नहीं हुआ। विपक्ष ने इस घटनाक्रम का संदेश समझा है, यह अच्छी बात है।

## राहुल की अपील पर सवाल

**अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता सबके लिए है, तो भाजपा भी अपने मन के भावों को प्रकट कर रही है। लेकिन सवाल ये है कि आखिर उसे असली दिक्कत किस बात से है। राहुल गांधी अपील करने पहुंचे, यह बात भाजपा को ठीक नहीं लग रही या फिर उसे राहुल गांधी का साथ देने पहुंचे लोगों से तकलीफ है। राहुल गांधी के लिए कांग्रेस ने सूरत चलो जैसा कोई अभियान नहीं छेड़ा। अगर उनके साथ उनकी बहन और ...**

23 मार्च को सूरत की अदालत से मिली सजा के खिलाफ अपील करने कांग्रेस नेता राहुल गांधी सोमवार को सूरत पहुंचे। जहां राहुल गांधी के वकीलों ने दो याचिकाएं दायर कीं, पहली जमानत के लिए और दूसरी सजा पर स्टे लगाने के लिए। सेशन कोर्ट ने राहुल गांधी को जमानत दे दी है, जबकि सजा पर रोक संबंधी याचिका पर सुनवाई की तारीख 13 अप्रैल तय की गई है। पिछले 10 दिनों से देश की राजनीति में एक सवाल तेजी से घूम रहा था कि मानहानि मामले में सूरत की अदालत से राहुल गांधी को जो सजा दी गई है, क्या वे उसके खिलाफ ऊंची अदालत में अपील करेंगे। क्योंकि राहुल गांधी को दो साल की सजा के तुरंत बाद जमानत भी मिल गई थी और अपील दायर करने के लिए 30 दिनों की मोहलत भी। आमतौर पर अपील करने में देर नहीं की जाती है, लेकिन राहुल गांधी के मामले में यह स्पष्ट ही नहीं हो रहा था कि आखिर वे क्या फैसला लेने वाले हैं। क्योंकि सजा मिलने के अगले दिन ही लोकसभा से उनकी सदस्यता खत्म करने का फरमान भी आ गया और चंद दिनों के भीतर सरकारी बंगला खाली करने का नोटिस भी मिल गया। राहुल गांधी ने संसद सदस्यता समाप्त होने के बाद अपने ट्विटर के परिचय में अयोग्य सांसद लिख दिया और बंगला निर्देशानुसार खाली कर दिया जाएगा, यह जवाब भी अधिकारियों को दे दिया। राहुल गांधी की ये प्रतिक्रियाएं पहली नजर में यही दिखला रही थीं कि वे नियमों–कानूनों का सम्मान करते हुए सारी प्रक्रियाओं का पालन कर रहे हैं, लेकिन इसके साथ ये भी दिख रहा था कि वे सारी कानूनी सख्ती के बावजूद माफी मांगने या पीछे हटने तैयार नहीं हैं। इसलिए इस सवाल से धुंध छंट ही नहीं रही थी कि राहुल गांधी अदालती मामले में क्या कदम उठाएंगे। क्या वे जेल जाने के लिए तैयार रहेंगे या फिर अपील कर फैसले का इंतजार करेंगे। उनका राजनैतिक भविष्य, कांग्रेस की भावी रणनीति और आने वाले तमाम चुनाव के लिए योजनाएं सब इस मामले से जुड़ चुके हैं। इस बीच लक्षद्वीप से सांसद पीपी मोहम्मद फैजल की संसद सदस्यता फिर से बहाल हो गई। श्री फैजल को 11 जनवरी को हत्या के प्रयास में दोषी करार देते हुए स्थानीय अदालत से 10 साल की सजा सुनाई गई थी, तब उनकी सदस्यता भी रद्द हो गई थी। और उनकी सीट पर उपचुनाव की घोषणा हो गई थी। लेकिन फिर केरल हाईकोर्ट ने इस सजा को खारिज किया तो लोकसभा सचिवालय ने उनकी सदस्यता को फिर से बहाल कर दिया। इसलिए अटकलें लगने लगी थीं कि क्या राहुल गांधी के मामले में भी ऐसा ही होगा। अगर राहुल गांधी फिर से लोकसभा के सदस्य बन जाते हैं, तो इसके राजनैतिक परिणाम क्या होंगे। क्या इसका कोई नकारात्मक असर भाजपा पर पड़ेगा। क्योंकि राहुल गांधी को सजा भले अदालती प्रक्रिया से मिली, लेकिन सवाल भाजपा पर ही उठ रहे थे कि मानहानि मामले में मिलने वाली अधिकतम सजा राहुल गांधी को क्यों दी गई और इसी समय यह 4 साल पुराना मामला क्यों खुला। क्या इसका कोई संबंध संसद में दिए गए राहुल गांधी के उस भाषण से है, जिसमें उन्होंने अदानी समूह और प्रधानमंत्री मोदी की नजदीकियों पर सवाल उठाए थे। भाजपा अपने ऊपर उठ रहे इन सवालों से बेचैन दिख रही थी और जवाब देने के लिए केन्द्रीय मंत्रियों और तेजतर्रार प्रवक्ताओं की पूरी टीम लगा दी गई थी। भाजपा के कई लोगों ने सवाल उठाए कि क्या राहुल गांधी कानून से परे हैं, जो उन्हें सजा मिलने पर सवाल उठाए जा रहे हैं। भाजपा ने राहुल गांधी की टिप्पणी को ओबीसी के अपमान से भी जोड़ने की कोशिश की। हालांकि जल्द ही यह जवाब सबके सामने आ गया कि ललित मोदी या नीरव मोदी ओबीसी नहीं हैं। भाजपा के कुछ नेताओं ने यह सवाल भी उठाया कि राहुल गांधी ऊंची अदालत में अपील क्यों नहीं कर रहे हैं। बहरहाल, जब सोमवार को राहुल गांधी अपील करने सूरत पहुंचे, तो इस पर भी भाजपा के कई नेताओं ने असहज होते हुए टिप्पणियां कीं। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने सोमवार सुबह प्रेस से कहा कि राहुल गांधी अपने परिवार के लोगों और मुख्यमंत्रियों के साथ सूरत कोर्ट जाने वाले हैं। रास्ता रोको, नौटंकी करो, इस तरह का माहौल गुजरात में कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी का परिवार बनाने वाला है। वहीं केन्द्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने सिलसिलेवार ट्वीट में कांग्रेस और राहुल गांधी पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि नेताओं और सहयोगियों की टीम लेकर राहुल का व्यक्तिगत रूप से कोर्ट जाना महज एक ड्रामा है। इसके साथ ही उन्होंने इसे अदालत पर दबाव बनाने की कोशिश बताया। पूर्व मंत्री रविशंकर प्रसाद ने सवाल उठाए कि यह क्या मतलब है मुख्यमंत्री कोर्ट में जा रहे हैं। यह नई परंपरा को शुरू कर रहे हैं जो दुर्भाग्यपूर्ण, शर्मनाक है। इसी तरह कुछ और भाजपा नेताओं ने राहुल गांधी के अपील करने जाने पर फिकरे कसे। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता सबके लिए है, तो भाजपा भी अपने मन के भावों को प्रकट कर रही है। लेकिन सवाल ये है कि आखिर उसे असली दिक्कत किस बात से है। राहुल गांधी अपील करने पहुंचे, यह बात भाजपा को ठीक नहीं लग रही या फिर उसे राहुल गांधी का साथ देने पहुंचे लोगों से तकलीफ है। राहुल गांधी के लिए कांग्रेस ने सूरत चलो जैसा कोई अभियान नहीं छेड़ा। अगर उनके साथ उनकी बहन और पार्टी के साथी जाते हैं, तो यह उनका निजी मामला है। इस पर किसी को कोई आपत्ति क्यों होनी चाहिए। रहा सवाल अदालत पर दबाव बनाने का, तो क्या भाजपा न्यायपालिका को इतना कमजोर समझती है कि कुछ लोगों के साथ आ जाने से वह दबाव में आ जाएगी।

**उसी कोलार से जहां दिए भाषण को आधार बनाकर उन्हें दूसरे राज्य गुजरात की कोर्ट से सजा सुनाई गई। और उसी दिन की तारीख से उनकी लोकसभा सदस्यता रद्द कर दी गई। सरकारी आवास खाली करने का नोटिस दे दिया गया। देश भर में इसकी कड़ी प्रतिक्रिया हुई है। सामान्य आदमी को कहते सुना गया कि यह ज्यादा हो गया। लोगों की लाइन लग गई यह आफर करने के लिए कि मेरा...**

## कर्नाटक कांग्रेस के लिए असली सेमीफाइनल

शकील अख्तर

कांग्रेस को अपना पुराना गढ़ वापस लाने का यह सुनहरा मौका है। लेकिन जैसा कि कांग्रेस आखिरी वक्त में गलतियां करने के लिए कुख्यात रही वैसा कर दिया तो फिर उसे इस साल होने वाले बाकी राज्यों के विधानसभा चुनाव और 2024 के लोकसभा चुनाव भी भूल जाना चाहिए। विपक्ष के बाकी दलों की निगाहें इस पर टिकी हुई हैं। कांग्रेस के लिए कर्नाटक ही असली सेमीफाइनल है। कर्नाटक जीते तो जग जीता। नहीं तो इस साल होने वाले बाकी सभी विधानसभा चुनावों में हालत पतली और लोकसभा की लड़ाई से बाहर! अभी तो टीवी चौनल भी कह रहे हैं। कांग्रेस को खुद भी लग रहा है मगर पार्टी में एक आत्महंता का भाव हमेशा मौजूद रहता है जो कब उभर आए किसी को पता नहीं होता। अभी पंजाब, उत्तराखंड के चुनाव में पार्टी जीतते–जीतते हार गई। गुजरात में कड़ी टक्कर देते–देते मैच इकतरफा कर दिया। हिमाचल में प्रियंका डटी रहीं तो पार्टी जीत पाई। उन दिनों राहुल की यात्रा चल रही थी। कन्याकुमारी से चल कर यात्रा मध्यप्रदेश तक पहुंच गई। मगर प्रियंका शामिल नहीं हुईं थीं। मीडिया ने राहुल और प्रियंका में रिफ्ट (दरार,अनबन) की खबरें बनाना शुरू कर दी थीं। मगर प्रियंका हिली नहीं। कांग्रेसी अफवाहों और भ्रमों का धुआं साफ करने में तो कमजोर है। स्थिति देर से स्पष्ट की। जिसका नुकसान गुजरात में हुआ। फिर पूछने पर बोला कि हिमाचल का चुनाव खत्म करने के बाद यात्रा में शामिल होंगी। यह बात पहले भी कही जा सकती थी। ताकि मीडिया को नुकसान पहुंचाने का मौका न मिले या कम मिले। मगर कांग्रेस हमेशा एक फ्यूडल ( सामंती ) मानसिकता में डूबी रहती है– हमें का फर्क पड़ता वाले अहंकार में। आप उससे सामान्य सवाल पूछो या ऐसा भी जिसका जवाब उसके अनुकूल पड़े तो भी वह प्रतिक्रिया नहीं देगी। हां, उसे ठोकने वाला सवाल आप करो तो उसकी झक्की खुलती है। कांग्रेस है ही ऐसी। डंडे से खूब चलती है। मगर राहुल को डंडा चलाना नहीं आता। नए अध्यक्ष खडगे भी चला नहीं सकते। चलाएंगे तो कोई मानेगा नहीं। जहां हर बड़े नेता के अपने स्वार्थ हों, अपने लोग हों, वहां पार्टी का कोई मतलब नहीं होता। हर आदमी इसी उम्मीद में बैठा है कि मोदी जी ने राहुल की लोकसभा सदस्यता लेकर गलती कर दी, अब घबराहट में और करेंगे और बस फिर हम आ जाएंगे। मगर ऐसा होता नहीं। कांग्रेस 2014 से खुद को स्टेपनी समझकर बैठी रही कि हमारी जरूरत पड़ेगी। मगर भूल गई कि आजकल ट्यूबलैस टायर का जमाना है। स्टेपनी की जरूरत नहीं पड़ती। 2014 हारा, 2019 हारा। तमाम विधानसभा चुनाव हारे। और अब कर्नाटक उसके बाद मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान और तेलंगाना के चुनाव हैं। जम्मू–कश्मीर की कोई तारीख निर्धारित नहीं है। कांग्रेस, एनसी, पीडीपी और बाकी कई दल अभी साथ दिल्ली आए थे और जल्दी विधानसभा चुनाव कराने की मांग को लेकर चुनाव आयोग गए थे। मगर वहां जिस दिन मोदी जी को अपनी सरकार बनाने की उम्मीद लगेगी वे वहां चुनाव करवा लेंगे। अभी वहां करीब पांच साल से राष्ट्रपति शासन लगा हुआ है। यह आतंकवाद के 90 के दशक के दौर के बाद का सबसे लंबे समय का राष्ट्रपति शासन है। भाजपा को लगता है कि इस राज्य में जो अब केन्द्र शासित प्रदेश है वह इस बार सरकार बना सकती है। केरल, बंगाल, तमिलनाडु जैसे कई प्रदेशों की तरह यहां भी भाजपा कभी सरकार नहीं बना पाई है। मगर मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद दो बार वह सरकार में शामिल रही है। इस बार वह गुलाम नबी आजाद एवं कश्मीर की कुछ और व्यक्ति आधारित पार्टियों के साथ मिलकर सरकार बनाने के लिए बजिद है। लेकिन यह सब कर्नाटक के चुनाव नतीजे और उसके बाद के राजनीतिक माहौल पर निर्भर करेगा। मोदी जी को कोई जल्दी नहीं है। लेकिन कांग्रेस के लिए कर्नाटक का महत्व इसलिए ज्यादा है क्योंकि यहां भाजपा काफी कमजोर हो गई है। वैसे तो यहां भाजपा कभी थी ही नहीं। यह कांग्रेस का ऐसा गढ़ था कि अपने बुरे वक्त में इंदिरा गांधी और सोनिया गांधी को इसी ने पनाह दी थी। दोनों यहां से उप चुनाव जीतकर लोकसभा में पहुंची थीं। मगर इसके बाद कांग्रेस की गुटबाजी ने इस राज्य को इतना खराब कर दिया कि जब राहुल को जरूरत पड़ी तो वे दक्षिण में कर्नाटक नहीं केरल पहुंचे। पहले तो यह कहा जाता था कि कांग्रेस में किसी बड़े नेता को जरूरत पड़े तो कर्नाटक सबसे सेफ है। मगर अब भाजपा ने उसके जरिए दक्षिण में पांव जमाना शुरू कर दिया है। तो कांग्रेस को अपना पुराना गढ़ वापस लाने का यह सुनहरा मौका है। लेकिन जैसा कि कांग्रेस आखिरी वक्त में गलतियां करने के लिए कुख्यात रही वैसा कर दिया तो फिर उसे इस साल होने वाले बाकी राज्यों के विधानसभा चुनाव और 2024 के लोकसभा चुनाव भी भूल जाना चाहिए। विपक्ष के बाकी दलों की निगाहें इस पर टिकी हुई हैं। क्योंकि यह भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला है। इसके बाद होने वाले मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान के चुनावों में भी यही स्थिति है। भाजपा से सीधी टक्कर। वैसे तो इन तीनों राज्यों के कांग्रेसी नेताओं को पार्टी पर जोर लगाना चाहिए कि वह सुनियोजित तरीके से कर्नाटक में लड़े और जीत सुनिश्चित करे। क्योंकि कर्नाटक की जीत ही इन तीन राज्यों में उनकी जीत का आधार बनेगी। कर्नाटक में अगर कांग्रेस जीती तो 2018 की तरह मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में भी कांग्रेस जीत सकती है। संभावना है। लेकिन अगर अनुकूल कर्नाटक, पंजाब और उत्तराखंड की तरह गंवा दिया तो फिर तीनों राज्यों में भाजपा भारी जोश के साथ चढ़ दौड़ेगी। और उसका परिणाम यह होगा कि अभी साथ आने के इच्छुक केजरीवाल, ममता, अखिलेश छिटक जाएंगे। केसीआर का तेलंगाना में कांग्रेस से सीधा मुकाबला है। वहां दोनों अगर समझदारी से लड़े और व्यक्तिगत आरोप प्रत्यारोपों से बचे रहे तो विपक्षी एकता पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। लेकिन अगर इसे ही बड़ा प्रश्न बना लिया तो फिर 2024 लोकसभा मुश्किल हो जाएगा। बड़ा प्रश्न विपक्ष के अस्तित्व का प्रश्न 2024 लोकसभा चुनाव है। 2023 का तेलंगाना विधानसभा चुनाव नहीं। खडगे जी की असली रणनीतिक योग्यता का पता तेलंगाना विधानसभा चुनाव में ही चलेगा। राहुल कर्नाटक की शुरूआत कर तो सही रणनीतिक जगह से रहे हैं।



## कार्यालय : ग्राम पंचायत-तेलौरा
### विकास खण्ड-मिठवल ,जनपद-सिद्धार्थनगर

-:अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना:-

वर्ष 2023–24 के लिए मनरेगा योजना/राज्य वित्त/चौदहवां/पन्द्रहवां वित/पिछड़ क्षेत्र अनुदान निधि/पंचमराज्यवित्त,पंचायत भवन/अन्तेय स्थल/विधायक निधि,सांसद निधि,गोवंश आश्रय केन्द्र व अन्य योजनान्तर्गत स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यो की सामग्री जैसे प्रथम श्रेणी,ईंट की गिट्टी, मोरंग बालू ,सादा बालू, सीमेंट ,सीमेंट ईट ,सरिया, हयूम पाइप,विद्युत के समान ,सफाई सामग्री ,पैंट ,टाइल्स, साइन बोर्ड इत्यादि के इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा द्वारा दिनांकः 12.04.2023 को अपराह्न 11.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर प्रस्तुत करें। निविदा उसी दिन अपराह्न 02.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांकः 11.04.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय **तेलौरा** में नियमानुसार निविदा मूल्य अदा कर प्राप्त की जा सकती है तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी। धरोहर की राशि मु. 5000 (पांच हजार) रुपये होगी।

**नियम व शर्त :–**1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्ससंलग्न करना होगा।3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्डर खोला जायेगा।4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थलपर करनी होगी।5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।6.सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत तथा ग्राम प्रधान के आदेशपर ही की जायेगी।7.सामग्री की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है,आपूर्तिकर्ता को २.२४प्रतिशत आयकर देना होगा।8. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानों सचिवों सदस्यों बी.डी.सी./जिला पंचायत तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। 9. प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. द्वारा पंजीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा।10.निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा। 11. धरोहर की धनराशि नकद राष्ट्रीयकृत बैंकों के एफड़ी एवं एनएससी/ड़ाक घर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत **तेलौरा** के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य है। 12.आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।13.निविदा फार्म ग्राम पंचायत **तेलौरा** कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 500/–रूपये पर ही स्वीकार किया जायेगा।

14.सामग्री की आपूर्ति के सम्बन्ध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत **तेलौरा** के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| ग्राम प्रधान | सचिव |
|---|---|
| **फणीश चंद पाण्डेय** | **आफताब आलम** |
| ग्राम पंचायत-तेलौरा | ग्राम पंचायत-तेलौरा |
| वि0 खंड-मिठवल | वि0 खंड-मिठवल |
| जनपद-सिद्धार्थनगर | जनपद-सिद्धार्थनगर |

## कार्यालय : ग्राम पंचायत-रमवापुर राउत
### विकास खण्ड-भनवापुर,जनपद-सिद्धार्थनगर

-:अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना:-

वर्ष 2023–24 के लिए मनरेगा योजना/राज्य वित्त/चौदहवां/पन्द्रहवां वित/पिछड़ क्षेत्र अनुदान निधि/पंचमराज्यवित्त,पंचायत भवन/अन्तेय स्थल/विधायक निधि,सांसद निधि,गोवंश आश्रय केन्द्र व अन्य योजनान्तर्गत स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यो की सामग्री जैसे प्रथम श्रेणी,ईंट की गिट्टी, मोरंग बालू ,सादा बालू, सीमेंट ,सीमेंट ईट ,सरिया, हयूम पाइप,विद्युत के समान ,सफाई सामग्री ,पैंट ,टाइल्स, साइन बोर्ड इत्यादि के इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा द्वारा दिनांकः 0804.2023 को अपराह्न 10.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर प्रस्तुत करें। निविदा उसी दिन अपराह्न 11.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांकः 08.04.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय **रमवापुर राउत** में नियमानुसार निविदा मूल्य अदा कर प्राप्त की जा सकती है तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी। धरोहर की राशि मु. 5000 (पांच हजार) रुपये होगी।

**नियम व शर्त :–**1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्ससंलग्न करना होगा।3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्डर खोला जायेगा।4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थलपर करनी होगी।5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।6.सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत तथा ग्राम प्रधान के आदेशपर ही की जायेगी।7.सामग्री की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है,आपूर्तिकर्ता को २.२४प्रतिशत आयकर देना होगा।8. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानों सचिवों सदस्यों बी.डी.सी./जिला पंचायत तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। 9. प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. द्वारा पंजीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा।10.निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा। 11. धरोहर की धनराशि नकद राष्ट्रीयकृत बैंकों के एफड़ी एवं एनएससी/ड़ाक घर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत **रमवापुर राउत** के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य है। 12.आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।13.निविदा फार्म ग्राम पंचायत **रमवापुर राउत** कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 500/–रूपये पर ही स्वीकार किया जायेगा।

14.सामग्री की आपूर्ति के सम्बन्ध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत **रमवापुर राउत** के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| ग्राम प्रधान | सचिव |
|---|---|
| **कमलेश मिश्रा** | **श्याम बहादुर** |
| ग्राम पंचायत-रमवापुर राउत | ग्राम पंचायत-रमवापुर राउत |
| वि0 खंड-भनवापुर | वि0 खंड-भनवापुर |
| जनपद-सिद्धार्थनगर | जनपद-सिद्धार्थनगर |

## कार्यालय : ग्राम पंचायत-गौरा प्रथम
### विकास खण्ड-बस्ती सदर ,जनपद-बस्ती

-:अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना:-

वर्ष 2023–24 के लिए मनरेगा योजना/राज्य वित्त/चौदहवां/पन्द्रहवां वित/पिछड़ क्षेत्र अनुदान निधि/पंचमराज्यवित्त,पंचायत भवन/अन्तेय स्थल/विधायक निधि,सांसद निधि,गोवंश आश्रय केन्द्र व अन्य योजनान्तर्गत स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यो की सामग्री जैसे प्रथम श्रेणी,ईंट की गिट्टी, मोरंग बालू ,सादा बालू, सीमेंट ,सीमेंट ईट ,सरिया, हयूम पाइप,विद्युत के समान ,सफाई सामग्री ,पैंट ,टाइल्स, साइन बोर्ड इत्यादि के इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा द्वारा दिनांकः 15.04.2023 को अपराह्न 12.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर प्रस्तुत करें। निविदा उसी दिन अपराह्न 03.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांकः 01.04.2023 से 14.04.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय **गौरा प्रथम** में नियमानुसार निविदा मूल्य अदा कर प्राप्त की जा सकती है तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी। धरोहर की राशि मु. 5000 (पांच हजार) रुपये होगी।

**नियम व शर्त :–**1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्ससंलग्न करना होगा।3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्डर खोला जायेगा।4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थलपर करनी होगी।5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।6.सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत तथा ग्राम प्रधान के आदेशपर ही की जायेगी।7.सामग्री की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है,आपूर्तिकर्ता को २.२४प्रतिशत आयकर देना होगा।8. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानों सचिवों सदस्यों बी.डी.सी./जिला पंचायत तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। 9. प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. द्वारा पंजीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा।10.निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा। 11. धरोहर की धनराशि नकद राष्ट्रीयकृत बैंकों के एफड़ी एवं एनएससी/ड़ाक घर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत **गौरा प्रथम** के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य है। 12.आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।13.निविदा फार्म ग्राम पंचायत **गौरा प्रथम** कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 500/–रूपये पर ही स्वीकार किया जायेगा।

14.सामग्री की आपूर्ति के सम्बन्ध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत **गौरा प्रथम** के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| ग्राम प्रधान | सचिव |
|---|---|
| **अब्दुल हुई** | **जितेंद्र अरोरा** |
| ग्राम पंचायत-गौरा प्रथम | ग्राम पंचायत-गौरा प्रथम |
| वि0 खंड-बस्ती सदर | वि0 खंड-बस्ती सदर |
| जनपद-बस्ती | जनपद-बस्ती |

## कार्यालय :ग्राम पंचायत-परसा जागीर
### विकास खण्ड-बस्ती सदर ,जनपद-बस्ती

-:अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना:-

वर्ष 2023–24 के लिए मनरेगा योजना/राज्य वित्त/चौदहवां/पन्द्रहवां वित/पिछड़ क्षेत्र अनुदान निधि/पंचमराज्यवित्त,पंचायत भवन/अन्तेय स्थल/विधायक निधि,सांसद निधि,गोवंश आश्रय केन्द्र व अन्य योजनान्तर्गत स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यो की सामग्री जैसे प्रथम श्रेणी,ईंट की गिट्टी, मोरंग बालू ,सादा बालू, सीमेंट ,सीमेंट ईट ,सरिया, हयूम पाइप,विद्युत के समान ,सफाई सामग्री ,पैंट ,टाइल्स, साइन बोर्ड इत्यादि के इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा द्वारा दिनांकः 15.04.2023 को अपराह्न 03.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर प्रस्तुत करें। निविदा उसी दिन अपराह्न 03.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांकः 01.04.2023 से 14.04.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय **परसा जागीर** में नियमानुसार निविदा मूल्य अदा कर प्राप्त की जा सकती है तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी। धरोहर की राशि मु. 5000 (पांच हजार) रुपये होगी।

**नियम व शर्त :–**1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्ससंलग्न करना होगा।3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्डर खोला जायेगा।4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थलपर करनी होगी।5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।6.सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत तथा ग्राम प्रधान के आदेशपर ही की जायेगी।7.सामग्री की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है,आपूर्तिकर्ता को २.२४प्रतिशत आयकर देना होगा।8. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानों सचिवों सदस्यों बी.डी.सी./जिला पंचायत तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। 9. प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. द्वारा पंजीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा।10.निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा। 11. धरोहर की धनराशि नकद राष्ट्रीयकृत बैंकों के एफड़ी एवं एनएससी/ड़ाक घर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत **परसा जागीर** के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य है। 12.आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।13.निविदा फार्म ग्राम पंचायत **परसा जागीर** कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 500/–रूपये पर ही स्वीकार किया जायेगा।

14.सामग्री की आपूर्ति के सम्बन्ध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत **परसा जागीर** के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| ग्राम प्रधान | सचिव |
|---|---|
| **राममूरत** | **जितेंद्र अरोरा** |
| ग्राम पंचायत-परसा जागीर | ग्राम पंचायत-परसा जागीर |
| वि0 खंड-बस्ती सदर | वि0 खंड-बस्ती सदर |
| जनपद-बस्ती | जनपद-बस्ती |

## कार्यालय : ग्राम पंचायत-दुल्हा खुर्द
### विकास खण्ड-बर्डपुर ,जनपद-सिद्धार्थनगर

-:अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना:-

वर्ष 2023–24 के लिए मनरेगा योजना/राज्य वित्त/चौदहवां/पन्द्रहवां वित/पिछड़ क्षेत्र अनुदान निधि/पंचमराज्यवित्त,पंचायत भवन/अन्तेय स्थल/विधायक निधि,सांसद निधि,गोवंश आश्रय केन्द्र व अन्य योजनान्तर्गत स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यो की सामग्री जैसे प्रथम श्रेणी,ईंट की गिट्टी, मोरंग बालू ,सादा बालू, सीमेंट ,सीमेंट ईट ,सरिया, हयूम पाइप,विद्युत के समान ,सफाई सामग्री ,पैंट ,टाइल्स, साइन बोर्ड इत्यादि के इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा द्वारा दिनांकः 8.04.2023 को अपराह्न 02.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर प्रस्तुत करें। निविदा उसी दिन अपराह्न 04.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांकः 08.04.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय **दुल्हा खुर्द** में नियमानुसार निविदा मूल्य अदा कर प्राप्त की जा सकती है तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी। धरोहर की राशि मु. 5000 (पांच हजार) रुपये होगी।

**नियम व शर्त :–**1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्ससंलग्न करना होगा।3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्डर खोला जायेगा।4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थलपर करनी होगी।5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।6.सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत तथा ग्राम प्रधान के आदेशपर ही की जायेगी।7.सामग्री की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है,आपूर्तिकर्ता को २.२४प्रतिशत आयकर देना होगा।8. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानों सचिवों सदस्यों बी.डी.सी./जिला पंचायत तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। 9. प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. द्वारा पंजीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा।10.निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा। 11. धरोहर की धनराशि नकद राष्ट्रीयकृत बैंकों के एफड़ी एवं एनएससी/ड़ाक घर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत **दुल्हा खुर्द** के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य है। 12.आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।13.निविदा फार्म ग्राम पंचायत **दुल्हा खुर्द** कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 500/–रूपये पर ही स्वीकार किया जायेगा।14.सामग्री की आपूर्ति के सम्बन्ध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत **दुल्हा खुर्द** के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| ग्राम प्रधान | सचिव |
|---|---|
| **मंजू** | **नागेन्द्र राव** |
| ग्राम पंचायत-दुल्हा खुर्द | ग्राम पंचायत-दुल्हा खुर्द |
| वि0 खंड-बर्डपुर | वि0 खंड-बर्डपुर |
| जनपद-सिद्धार्थनगर | जनपद-सिद्धार्थनगर |

## कार्यालय : ग्राम पंचायत-बर्डपुर नं0 2
### विकास खण्ड-बर्डपुर ,जनपद-सिद्धार्थनगर

-:अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना:-

वर्ष 2023–24 के लिए मनरेगा योजना/राज्य वित्त/चौदहवां/पन्द्रहवां वित/पिछड़ क्षेत्र अनुदान निधि/पंचमराज्यवित्त,पंचायत भवन/अन्तेय स्थल/विधायक निधि,सांसद निधि,गोवंश आश्रय केन्द्र व अन्य योजनान्तर्गत स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यो की सामग्री जैसे प्रथम श्रेणी,ईंट की गिट्टी, मोरंग बालू ,सादा बालू, सीमेंट ,सीमेंट ईट ,सरिया, हयूम पाइप,विद्युत के समान ,सफाई सामग्री ,पैंट ,टाइल्स, साइन बोर्ड इत्यादि के इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा द्वारा दिनांकः 2.04.2023 को अपराह्न 02.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर प्रस्तुत करें। निविदा उसी दिन अपराह्न 03.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांकः 01.04.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय **बर्डपुर नं0 2** में नियमानुसार निविदा मूल्य अदा कर प्राप्त की जा सकती है तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी। धरोहर की राशि मु. 5000 (पांच हजार) रुपये होगी।

**नियम व शर्त :–**1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्ससंलग्न करना होगा।3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्डर खोला जायेगा।4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थलपर करनी होगी।5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।6.सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत तथा ग्राम प्रधान के आदेशपर ही की जायेगी।7.सामग्री की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है,आपूर्तिकर्ता को २.२४प्रतिशत आयकर देना होगा।8. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानों सचिवों सदस्यों बी.डी.सी./जिला पंचायत तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। 9. प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. द्वारा पंजीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा।10.निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा। 11. धरोहर की धनराशि नकद राष्ट्रीयकृत बैंकों के एफड़ी एवं एनएससी/ड़ाक घर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत **बर्डपुर नं0 2** के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य है। 12.आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।13. निविदा फार्म ग्राम पंचायत **बर्डपुर नं0 2** कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 500/–रूपये पर ही स्वीकार किया जायेगा।14.सामग्री की आपूर्ति के सम्बन्ध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत **बर्डपुर नं0 2** के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| ग्राम प्रधान | सचिव |
|---|---|
| **श्रीमती जहाँआरा** | **विनय कुमार श्रीवास्तव** |
| ग्राम पंचायत-बर्डपुर नं0 2 | ग्राम पंचायत-बर्डपुर नं0 2 |
| वि0 खंड-बर्डपुर | वि0 खंड-बर्डपुर |
| जनपद-सिद्धार्थनगर | जनपद-सिद्धार्थनगर |

## कार्यालय : ग्राम पंचायत-बरगदवा
### विकास खण्ड-बर्डपुर ,जनपद-सिद्धार्थनगर

-:अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना:-

वर्ष 2023–24 के लिए मनरेगा योजना/राज्य वित्त/चौदहवां/पन्द्रहवां वित/पिछड़ क्षेत्र अनुदान निधि/पंचमराज्यवित्त,पंचायत भवन/अन्तेय स्थल/विधायक निधि,सांसद निधि,गोवंश आश्रय केन्द्र व अन्य योजनान्तर्गत स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यो की सामग्री जैसे प्रथम श्रेणी,ईंट की गिट्टी, मोरंग बालू ,सादा बालू, सीमेंट ,सीमेंट ईट ,सरिया, हयूम पाइप,विद्युत के समान ,सफाई सामग्री ,पैंट ,टाइल्स, साइन बोर्ड इत्यादि के इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा द्वारा दिनांकः 9.04.2023 को अपराह्न 10.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर प्रस्तुत करें। निविदा उसी दिन अपराह्न 02.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांकः 08.04.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय **बरगदवा** में नियमानुसार निविदा मूल्य अदा कर प्राप्त की जा सकती है तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी। धरोहर की राशि मु. 5000 (पांच हजार) रुपये होगी।

**नियम व शर्त :–**1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्ससंलग्न करना होगा।3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्डर खोला जायेगा।4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थलपर करनी होगी।5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।6.सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत तथा ग्राम प्रधान के आदेशपर ही की जायेगी।7.सामग्री की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है,आपूर्तिकर्ता को २.२४प्रतिशत आयकर देना होगा।8. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानों सचिवों सदस्यों बी.डी.सी./जिला पंचायत तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। 9. प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. द्वारा पंजीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा।10.निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा। 11. धरोहर की धनराशि नकद राष्ट्रीयकृत बैंकों के एफड़ी एवं एनएससी/ड़ाक घर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत **बरगदवा** के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य है। 12.आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।13.निविदा फार्म ग्राम पंचायत **बरगदवा** कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 500/–रूपये पर ही स्वीकार किया जायेगा।14.सामग्री की आपूर्ति के सम्बन्ध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत **बरगदवा** के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| ग्राम प्रधान | सचिव |
|---|---|
| **अनिल कुमार** | **नागेन्द्र राव** |
| ग्राम पंचायत-बरगदवा | ग्राम पंचायत-बरगदवा |
| वि0 खंड-बर्डपुर | वि0 खंड-बर्डपुर |
| जनपद-सिद्धार्थनगर | जनपद-सिद्धार्थनगर |

## कार्यालय : ग्राम पंचायत-पिपरा
### विकास खण्ड-बांसी ,जनपद-सिद्धार्थनगर

-:अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना:-

वर्ष 2023–24 के लिए मनरेगा योजना/राज्य वित्त/चौदहवां/पन्द्रहवां वित/पिछड़ क्षेत्र अनुदान निधि/पंचमराज्यवित्त,पंचायत भवन/अन्तेय स्थल/विधायक निधि,सांसद निधि,गोवंश आश्रय केन्द्र व अन्य योजनान्तर्गत स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यो की सामग्री जैसे प्रथम श्रेणी,ईंट की गिट्टी, मोरंग बालू ,सादा बालू, सीमेंट ,सीमेंट ईट ,सरिया, हयूम पाइप,विद्युत के समान ,सफाई सामग्री ,पैंट ,टाइल्स, साइन बोर्ड इत्यादि के इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा द्वारा दिनांकः 11.04.2023 को अपराह्न 10.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर प्रस्तुत करें। निविदा उसी दिन अपराह्न 12.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांकः 10.04.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय **पिपरा** में नियमानुसार निविदा मूल्य अदा कर प्राप्त की जा सकती है तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी। धरोहर की राशि मु. 5000 (पांच हजार) रुपये होगी।

**नियम व शर्त :–**1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्ससंलग्न करना होगा।3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्डर खोला जायेगा।4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थलपर करनी होगी।5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।6.सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत तथा ग्राम प्रधान के आदेशपर ही की जायेगी।7.सामग्री की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है,आपूर्तिकर्ता को २.२४प्रतिशत आयकर देना होगा।8. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानों सचिवों सदस्यों बी.डी.सी./जिला पंचायत तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। 9. प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. द्वारा पंजीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा।10.निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा। 11. धरोहर की धनराशि नकद राष्ट्रीयकृत बैंकों के एफड़ी एवं एनएससी/ड़ाक घर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत **पिपरा** के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य है। 12.आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।13.निविदा फार्म ग्राम पंचायत **पिपरा** कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 500/–रूपये पर ही स्वीकार किया जायेगा।14.सामग्री की आपूर्ति के सम्बन्ध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत **पिपरा** के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| ग्राम प्रधान | सचिव |
|---|---|
| **श्रीराम** | **रवि कपूर राव** |
| ग्राम पंचायत-पिपरा | ग्राम पंचायत-पिपरा |
| वि0 खंड-बांसी | वि0 खंड-बांसी |
| जनपद-सिद्धार्थनगर | जनपद-सिद्धार्थनगर |

# बीएसए कार्यालय में ताला जड़कर किया प्रदर्शन, एक घंटे तक बंद रहे कर्मचारी

## सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक बीएसए के कार्यालय में नहीं रहने पर उठाया सवाल

देवरिया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने .पांच सूत्री मांगों के समर्थन में बीएसए कार्यालय पर धरना–प्रदर्शन किया। किसी जिम्मेदार अधिकारी के मौजूद नहीं रहने पर उन्होंने चौनल पर ही ताला जड़ दिया। इससे एक घंटे से अधिक समय तक सारे कर्मचारी कार्यालय में बंद रहे। लेखाधिकारी संजय कुमार ने जब बात करनी चाही तो उन्हें ज्ञापन देने से ही इन्कार कर दिया। एक घंटे बाद बीएसए के पहुंचने पर उनके कार्यालय में सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक मौजूद नहीं रहने पर ही पदाधिकारियों ने सवाल उठा दिया। इसके बाद उन्होंने बीएसए को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे अभाविप के जिला संयोजक सौम्य वत्सल मिश्र ने कहा कि जनपद में मानक विहीन शैक्षिक संस्थान खुलेआम चल रहे हैं। कई ऐसे हैं, जहां मानकों की जांच किए बिना संबंधित खंड शिक्षा अधिकारियों ने मान्यता दे दी है। कई बार शिकायत के बावजूद इसकी जांच नहीं हो रही है। जूनियर के कई के शिक्षक अवैध कोचिंग संस्थान चला रहे हैं। ऐसे लोगों पर कार्रवाई नहीं की जा रही है। बेसिक शिक्षा से संचालित शासकीय विद्यालयों में गुणवत्तायुक्त मिड–डे–मिल नहीं बन रहा है। कई विद्यालयों में शौचालय तक नहीं हैं, जबकि कायाकल्प योजना के तहत स्कूलों का कायाकल्प किए जाने का हवा–हवाई दावा अधिकारियों की ओर से किया जा रहा है।

अभाविप ने आरोप लगाया कि बेसिक के कई शिक्षक समय से विद्यालयों में न जाकर विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों से सांठगांठ कर अन्य कार्यों में संलिप्त हैं। ऐसे शिक्षकों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग संगठन कर रहा है। अन्य पदाधिकारियों ने सरकार की ओर से तय किए गए नियमावली जैसे शिक्षक की समय पर उपस्थिति, मिड–डे–मील की गुणवत्ता, छात्राओं के लिए अलग शौचालय और शुद्ध पेयजल सहित अन्य बुनियादी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने, मानकविहीन एवं गैर पंजीकृत शैक्षिक संस्थाओं के संचालन पर रोक, सरकारी शिक्षकों की ओर से प्राइवेट कोचिंग करा धन उगाही जैसे कार्यों की समिति बनाकर जांच होनी चाहिए। ऐसा नहीं होने पर संगठन उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा। इस दौरान जिला संगठन मंत्री अमर्त्य सुंदरम, रुद्रपुर तहसील विस्तारक यीशु सिंह, देवरिया तहसील विस्तारक स्नेहा श्रीवास्तव, अभिषेक कुशवाहा, आदर्श तिवारी, राहुल सिंह, सौरभ तिवारी, आशुतोष मिश्रा, गौरव राय किशन और अंबिकेश आदि शामिल रहे।

## बीएसएन ग्लोबल स्कूल में धूमधाम से मनाई गई महावीर जयंती

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला गोरखपुर। बीएसएन ग्लोबल स्कूल शाहपुर में मंगलवार को




महावीर जयंती धूमधाम से मनाई गयी। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए विद्यालय के निदेशक ने सर्वप्रथम महावीर स्वामी के चित्र पर माल्यार्पण किया। सभी शिक्षक और विद्यार्थियों ने भी महावीर स्वामी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर सम्मान प्रकट किया। विद्यालय निदेशक जे के जायसवाल ने छात्रों को महावीर स्वामी के जीवन और संदेश के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि महावीर स्वामी एक महान धर्मगुरु थे जिन्होंने अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह के मूल्यों को बताया था। महावीर स्वामी ने संसार के सभी जीवों के प्रति प्रेम और सम्मान का संदेश दिया था। इसलिए हमें उनके संदेश को अपनी जिन्दगी में अपनाना चाहिए ताकि हम एक सद्भावपूर्ण समाज में रह सकें।महावीर स्वामी जी ने धर्म, नैतिकता और आध्यात्मिकता के महत्व को समझाया। उन्होंने जीवन में अहिंसा, सत्य और अनेकांत के महत्व को उजागर किया था।उनके उपदेशों का महत्व आज भी समझा जाता है और उनकी शिक्षाएं लोगों को उनके जीवन में सही मार्ग दिखाने के लिए मदद करती हैं।इस अवसर पर दीपक सिंह, चन्द्रकला मौर्य, चंद्रमति यादव , कुसुम, सुमन, प्रतिभा, अंकिता, शालिनी आदि शिक्षक – शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

दैनिक बुध्द्ध का संदेश

गोलाबाजार गोरखपुर। गोला ब्लाक व नगर कांग्रेसी के कार्यकर्ताओं




ने सोमवार को ब्लाक मुख्यालय पहुंचकर राष्ट्रपति को संबोधित एक पत्रक खंड विकास अधिकारी को सौंपा। प्रधानमंत्री और अडानी के संबंधों पर सवाल पूछते हुए न्याय की मांग किया।सौंपे गए पत्रक में लिखा गया है कि प्रधानमंत्री व अडानी के बीच कब से रिश्ता है। अडानी के व्यापार में विदेशों से आया बीस हजार करोड़ रूपया किसका है। प्रधानमंत्री सरकारी विदेशी यात्राओं में कितनी बार अडानी को साथ ले गए हैं। अडानी की कंपनी को प्रधानमंत्री ने किन–किन देशों में ठेके दिलवाए हैं। ईपीएफओ से अडानी का शेयर खरीदकर कर्मचारियों का भविष्य अंधकार में क्यों धकेला गया। इन सभी सवालों का जबाब आम जनता चाहती है। ब्लाक अध्यक्ष जयप्रकाश तिवारी नगर अध्यक्ष सुबास चंद्र दास जिला उपाध्यक्ष महेंद्रनाथ मिश्र ब्लाक प्रभारी विक्रांत साहनी पीपीसी सदस्य सुनील तिवारी सुराली प्रसाद देवीदयाल पीर मोहम्मद सहित आदि कार्यकर्तागण शामिल रहे।

## किशोरी से दुष्कर्म के अभियुक्त को 10 साल सश्रम कारावास

महराजगंज। थाना पुरंदरपुर क्षेत्र के एक गांव में वर्ष 2018 में किशोरी से दुष्कर्म के मामले में अभियुक्त को दोषी पाए जाने पर अपर सत्रधविशेष न्यायाधीश विनय कुमार सिंह द्वितीय ने 10 वर्ष के सश्रम कारावास के साथ 20,000 रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। जानकारी के अनुसार, थाना पुरंदरपुर में 18 अप्रैल को केस दर्ज किया गया। आरोपी गांव का ही है। विवेचना के बाद पुलिस ने न्यायालय में आरोपपत्र दाखिल किया। विशेष लोक अभियोजक विनोद सिंह ने 10 गवाहों को पेश कर सजा की मांग की। न्यायालय ने पत्रावली पर उपलब्ध सबूतों के आधार पर सजा सुनाई है।

## टहलने निकले कोटेदार की ट्रक की चपेट में आने से मौत

गौरी बाजार। सुबह टहलने निकले 45 वर्षीय एक कोटेदार की लंगडी चौराहे के पास बालू लदे अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद ट्रक चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक कब्जे में ले लिया है। क्षेत्र के चरियांव खास निवासी दो भाइयों में छोटे बैजनाथ राजभर अपने गांव के कोटेदार थे। वह गोरखपुर–देवरिया मुख्य मार्ग पर उभांव गांव के पास सड़क किनारे मकान बनवा कर परिवार सहित रहते थे। ग्रामीणों के अनुसार . सुबह वह रोज की तरह टहलने निकले थे। इसी बीच देवरिया की तरफ से आ रहे बालू लदे एक ट्रक की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। थोड़ी देर बाद मौके पर ही उनकी मौत हो गई। उधर उनके घर नहीं पहुंचने पर तलाश करते परिजन जब लंगडी चौराहे पर पहुंचे तो लोगों की भीड़ के बीच सड़क पर उनका शव देख कर चीखने लगे। घर में मातम मच गया। पत्नी किरण बदहवास हो गईं। परिवार के लोगों ने किरण को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। पुत्र नवनीत (17), पुत्री रीति (7) सहित अन्य परिवारीजन का रो–रो कर बुरा हाल था। प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है। सेहत को लेकर फिक्रमंद रहते थे बैजनाथः कोटेदार बैजनाथ की पत्नी ने बताया कि रोज की तरह सुबह भी वह टहलने की बात कहकर घर से निकले थे। पर क्या पता था कि अब दोबारा उनसे मुलाकात नहीं होगी। उन्होंने बताया कि वह टहलने के शौकीन थे। सेहत को लेकर वह फिक्रमंद रहते थे। इसीलिए हर सुबह जब घर के बाकी लोग सोए रहते थे तभी वह टहलने निकल जाते थे। बड़ा बेटा नवनीत रोते–रोते बेहाल था। कह रहा था कि पापा कि टहलने की आदत ने उनकी जान ले ली। न वह टहलने निकलते न हादसा होता।

## सत्र 2022–23 का परीक्षाफल मिलते ही खिल उठे होनहारों के चेहर

दैनिक बुद्ध का संदेश

लेहरा,महराजगंज। बृजमनगंज ब्लॉक के फुल मनहा बाजार स्थित कृ





ष्णा पब्लिक स्कूल में 3 अप्रैल 2023 को अभिभावक व शिक्षक सभा का संचालन सकुशल करके सभी छात्र और छात्राओं को उनके माता–पिता और शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति में अंक पत्र वितरित करके उनके परिणाम घोषित किए गए तथा सत्र 2022–23 की गौरवान्वित समाप्त कर दी गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक रविंद्र कुमार चौरसिया और प्रधानाचार्य श्री राम भरोस प्रजापति ने हर कक्षा के शीर्ष 10 मेधावी छात्र और छात्राओं को शील्ड और मेडल प्रदान करते हुए उनके देश और मानवता के लिए कुछ कर गुजरने का आश्वासन और आशीर्वाद दिया ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय प्रांगण में राम जी चौरसिया, लक्ष्मण चौरसिया, और बीडीसी सदस्य रामफेर प्रजापति भी उपस्थित रहे, जिन्होंने सभी छात्र–छात्राओं को मेडल और ट्राफी से सम्मानित किया बच्चों को बहुत सारी शुभकामनाएं दी और यह भी कहा कि यह निरंतर इसी तरह आगे बढ़ते रहें और शिक्षा से अपने देश समाज और माता–पिता गुरुजनों का नाम रोशन करें। अंक पत्र वितरण करने की सूची में एलकेजी की अनन्या गुप्ता 94.14: और यूकेजी की अंशिका चौरसिया 95.15: कक्षा एक की तान्या 95.08: और कक्षा 2 के अंकुश चौरसिया 97.26: कक्षा 3 की आफरीन 97.06: और कक्षा 4 की साक्षी विश्वकर्मा 94.7 3: कक्षा 5 की चांदनी चौरसिया 95.6: समीना खातून 2017 की संध्या यादव 95.63 प्रतिशत का जिन्होंने में शीर्ष स्थान हासिल करके विद्यालय परिवार का और अपने समाज का साथ साथ इस देश का भी नाम किए इस दौरान विद्यालय के समस्त अध्यापक एवं अध्यापिका जिसमें ओम प्रकाश साहनी ,संतोष साहनी, रामभवन चौरसिया,अजय चौहान, इमरान खान ,शहजाद, सरिता मैम ,शबनम, ज्योति ,सोनी, गुड़िया ,कविता, मनीषा ,अनीता, वरुण आदि शिक्षक व शिक्षिका उपस्थित रहे।

## किशोरी की हत्या के शक के दायरे में परिजन और प्रेमी

देसही देवरिया। महुआडीह थाना क्षेत्र के एक गांव की गर्भवती किशोरी की हत्या के शक के दायरे में परिजन और प्रेमी ही हैं। पुलिस को किशोरी के मोबाइल की कॉल डिटेल से ऐसे सुराग मिले हैं। यही नहीं, किशोरी के परिजनों के हावभाव और गतिविधियों से भी पुलिस का शक उनपर गहरा गया है। पुलिस का दावा है कि मंगलवार को मामले का खुलासा कर दिया जाएगा। मामले में कई अहम सुराग मिले हैं। छोटी गंडक नदी में तीन दिन से लापता किशोरी का शव .मिलने से सनसनी फैल गई। वारदात को अंजाम देने वालों ने शव को ठिकाने लगाने के लिए बालू के बोरे से बांध दिया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार किशोरी की गला घोंटकर हत्या की गई है। पुलिस मामले की जांच–पड़ताल में जुट गई है। सूत्रों के अनुसार किशोरी की मां का कहना है कि लोकलाज के भय से उन्होंने पुलिस में तहरीर नहीं दी। घरवाले खुद ही उसे तीन दिन से खोज रहे थे। मां का यह भी कहना है कि उनके परिवार की किसी से दुश्मनी नहीं है। ऐसे में बच्ची के साथ अनहोनी कैसे हो गई? यह जांच में ही पता चलेगा। उधर, एसओ महेंद्र कुमार चतुर्वेदी का कहना है कि छोटी गंडक नदी में किशोरी का शव मिला है। परिजन ने अभी तक गुमशुदगी की सूचना व तहरीर नहीं दी थी। इस कारण पुलिस का शक उन पर गहराता जा रहा है। किशोरी के मोबाइल की काल डिटेल के जरिए कुछ अहम सुराग मिले हैं। जिस रात से किशोरी गायब है उसके कुछ करीबी लोगों के भी मोबाइल की लोकेशन एक साथ मिली है। किशोरी के गर्भवती होने की पुष्टि के बाद पुलिस उसके प्रेमी की भी तलाश कर रही है। उसके लोकेशन जानकारी पुलिस ने कर ली है। पुलिस यह जानने में जुटी है कि वारदात में प्रेमी का हाथ तो नहीं है।

बिना पोस्टमार्टम कराए शव दफनाने की बात पर बल देते रहे परिजनः शुक्रवार को घर से गायब हुई किशोरी का शव जब गांव के पास छोटी गंडक नदी में मिला तो वहां लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवा कर मौजूद लोगों से पहचान कराई। उसके बाद परिजनों को सूचना दी। सूत्रों के अनुसार मौके पर पहुंचे परिजन जो होना था हो गया, कहकर बिना पुलिस की कार्रवाई के शव दफनाने की बात कहने लगे, लेकिन पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। किशोरी का परिवार संयुक्त है। शुक्रवार दोपहर में ही परिवार के लोगों के साथ मां भी फाजिलनगर के पास कनक पिपरा स्थित एक दरगाह पर मेला में गई थी। घर पर छोटे बच्चों के साथ पिता और चाचा ही थे।

घर वालों ने कुछ दिन पहले की थी किशोरी की पिटाई किशोरी का शव मिलने और उसके बाद परिजनों की प्रतिक्रिया को लेकर गांव में तरह तरह की चर्चा है। सूत्रों के अनुसार किशोरी कक्षा आठ में पढ़ती थी। उसका किसी से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इस बात की जानकारी होने के बाद घर वालों ने कुछ दिन पहले उसकी पिटाई की थी। पुलिस की शक की सुई घर के लोगों की तरफ ज्यादा घूम रही है। यह साफ नहीं हो पा रहा है कि किशोरी का प्रेमी कौन था।

# आजकल के वर्तमान पीढ़ी के पास बुजुर्गों के लिए वक्तनही है

## गायब हो गए वह पुराने दिन जब बैठकर अपने दुख-सुख को बांटता था परिवार 4 अप्रैल

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोलाबाजार,गोरखपुर। समय का चक्र बराबर चलता रहता है। सुख के बाद दुख और दुख के बाद सुख इसी आशा में मनुष्य का जीवन एक एक दिन करके ब्यतीत होता रहता है। एक समय ऐसा था कि जब घरों में शाम के बाद सभी घर के सदस्य इकट्ठा होकर बैठते थे और अपने दुख–सुख को आपस मे बांटते थे। आज यह देखा जा रहा है कि कोई किसी से बस जरूरत भर ही बोल रहा है। जबकि आपस में बातचीत करने से दिल की बात निकल जाती थी और मन हल्का हो जाता। कहते हैं कि परिवार एक दूसरे के भाव से जुड़ कर जीवन बिताने का एक यौगिक प्रबंधन है जब कभी भी परिवार के सदस्य या बच्चे किसी परेशानी में होते हैं तो घर के बड़े उनके साथ खड़े होकर उनको हिम्मत देते हैं और बुरा वक्त टल जाता है। लेकिन जब परिवार में प्रत्यक्ष वार्तालाप से ज्यादा मोबाईल मशीनी कारोबार का दौर चलने लगे तो समस्याएं समाप्त होने की जगह और बढ़ ही जाती हैं। पीढ़ी दर पीढ़ी यह सिलसिला चलता आया है कि बुजुर्गों की छांव में घर के नन्हे–मुन्ने पलते–बढ़ते आए हैं और आगे जाकर वही इनकी लाठी भी बनते हैं। लेकिन आज की पीढ़ी के पास बुजुर्गों के लिए वक्त नहीं होता व भूल जाते हैं कि एक भौतिक वस्तु में लिप्त होकर व उन रिश्तों से दूर हो रहे हैं जिनकी पूर्ति बाद में नहीं की जा सकती है।सही है कि जरूरत और प्रयोग को देखते हुए अद्यतन बनना चाहिए लेकिन इसके लिए किन शर्तों से गुजरना है इसे भी हमें ही तय करना चाहिए। परिवार समाज राष्ट्र हमारे निर्माण के स्तंभ हैं। आज हम अपने वातावरण को जैसा बनाएंगे कल हमारे बच्चे भी उसी तरह तैयार होंगे हमें आने वाली पीढ़ी को कर्तव्य और भावयुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित करना चाहिए। विकास और व्यक्तित्व के बीच होड़ नहीं लगनी चाहिए!व्यक्त्वि तभी ऊंचा होगा जब विकास का सदुपयोग हो सके। विज्ञान अपने साथ निर्माण और ध्वंस दोनों लाता है। हमें अपने सूझ–बूझ से निर्माण को चुनना होगा भारतीय परिवार एक भावात्मक सांचे में पोषित होता है माता पिता दादा दादी भाई बहन एक ऐसे तार से जुड़े होते हैं जिसका एक छोर खींचा जाए तो दूसरा भी खिंचा चला आता है। ऐसा नहीं है कि हम पूरी तरह अपने आत्मीयजनों की इच्छा की अवहेलना करते हैं!लेकिन कई बार हमारी सारी संवेदनाएं धरी की धरी रह जाती हैं और वक्त हाथ से चला जाता है। प्रश्न यह है कि क्या जीवन में भागना इतना आवश्यक है कि प्रत्यक्ष को खोने की नौबत आ जाए ? या फिर जिस भीड़ दौड़ में हम शामिल हैं क्या वही हमारे जीवन का पर्याय है ? इस पर मनुष्य को बखूबी सोचना चाहिए।


**कार्यालय : खण्ड शिक्षा अधिकारी खुनियांव**
**जनपद-सिद्धार्थनगर**

**जर्जर भवन नीलामी हेतू सूचना**

**सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विकासखण्ड खुनियांव के निम्न विद्यालय भवनों की नीलामी होनी है–**

1. **प्राथमिक विद्यालय सिहुनिया मूल भवन रू0 44037/– मात्र**
2. **प्राथमिक विद्यालय मुडिला नानकार मूल भवन रू0 27835/– मात्र**

**नीलामी प्रकिया में भाग लेने वाले व्यक्तियों/फर्मो को सूचित किया जाता है कि दिनांक 10.04.2023 दिन सोमवार को कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी विकास खण्ड खुनियांव में नीलामी हेतु पूर्वाहन 11 बजे से निर्धारित धनराशि का 25% नगद रूप में नीलामी समिति के पास जमा कर प्रक्रिया में भाग ले सकते है। अधिकतम बोली लगाने वाले व्यक्ति/फर्म को भवन नीलाम की जायेगी शेष व्यक्तियों/ फर्मो को उनकी जमा धनराशि उसी दिन वापस कर दी जायेगी।**

ओम प्रकाश मिश्र
खण्ड शिक्षा अधिकारी
विकास खण्ड–खुनियांव
जनपद–सिद्धार्थनगर

पत्रांक– 1050–51/निलामी/2022–23 दिनांक–31/03/2023

# सतसंग समारोह का हुआ आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। विलक्षण व्यक्तित्व के स्वामी तथा जीते जी प्रभु की प्राप्ति का रास्ता बताने वाले परम सन्त बाबा जयगुरुदेव महाराज के उत्तराधिकारी तथा जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था, मथुरा के अध्यक्ष पूज्य पंकज जी महाराज कल सायंकाल 33 दिवसीय शाकाहार–सदाचार आध्यात्मिक वैचारिक जनजागरण यात्रा के साथ 21वें पड़ाव पर ग्राम पटना निकट सिलथम पहुंचे तो घण्टों पूर्व से प्रतीक्षारत खड़े बड़ी संख्या में भाईयों–बहनों व बच्चों ने गाजे–बाजे के साथ धर्म यात्रा का भव्य स्वागत किया। आज यहां सत्संग समारोह का आयोजन हुआ। कई प्रतिष्ठितजनों व आयोजकों ने पुष्पहार भेंटकर महाराज जी का स्वागत किया। संस्थाध्यक्ष ने अपने सत्संग सम्बोधन में कहा कि नर–नारियों! न जाने किस महात्मा की दया हो गई, न जाने कौन–कौन से जन्म–जन्मान्तरों के शुभ पुण्य कर्म उदय हो गये जो आपको ये मनुष्य शरीर मिल गया है। सौभाग्य से यह वक्त का इतना बड़ा वरदान आपको मिला। अरे! अबकी मौका मिल गया है, समय रहते हुये अपनी जीवात्मा के कल्याण के लिये थोड़ा बहुत विचार करियेगा वर्ना ये तुम्हारा समय निकलता जा रहा, "मिली नर देह यह तुमको, बनाओ काज कुछ अपना, पचो मत आय यहि जग में जानियो रैन का सुपना।।" जैसे रात में हम स्वप्न देखते हैं और वह सच मालूम पड़ता है परन्तु जब हमारी आंखें खुलती हैं तो यह पता चलता है कि वह तो स्वप्न था। सच नहीं, भ्रम है। ठीक उसी प्रकार से यह दुनियां भी दस–बीस, सौ साल का स्वप्न है। जिस दिन मौत का वक्त आयेगा आप रोओगे, हाय, हाय करके चिल्लाओगे कि हाय हमने सारी जिन्दगी स्वप्न में गुजार दी। जागने का समय तो अभी आया था। जो कुछ करना था अभी करना था लेकिन भाई–बहनों! अब पछताये होत क्या जब चिड़िया चुंग गई खेत। ये घर बार अपना नहीं, अरे पराया देश है, ये सरायखाना है, मुसाफिर खाना है। शरीर भी तुम्हारा नहीं ये काल का पिंजरा है, किराये का मकान है। अरे जितने श्वांसे उस मालिक ने बख्शी हैं, उसे भुगतने के बाद में हमें शरीर को यहीं छोड़ के जाना। जिस वक्त यह श्वांसों का भण्डार खाली होगा, टेलीफोन खड़क जायेंगे, सब रिश्तेदार मिनटों, सेकेण्डों में इक्ट्ठा हो जायेंगे और कंधे पर लाद कर श्मशान भूमि पर छोड़कर आ जायेंगे। कोई चौबीस घण्टे भी आपके शरीर को घर में रखने को तैयार नहीं होगा और जीवात्मा को यमदूत ले जाकर धर्मराज के दरबार में पेश कर देंगे। वहां आपके अच्छे–बुरे कर्मों का हिसाब होगा और नर्कों, चौरासी की योनियों की सजा सुना दी जायेगी। वहां तुम्हारा कौन रक्षक होगा। जीवात्मा की कौन गवाही देगा क्योंकि आपने जीवन में ऐसा कोई साथी नहीं बनाया जो धर्मराज के दरबार में आपकी रक्षा, संभाल कर सके। वो कोई और नहीं सन्त महात्मा, फकीर होते हैं, जो जीवन में सुरत–शब्द की साधना कराकर अपने घर आने–जाने का पहले से ही मार्ग बता देते हैं। वह है नाम का रास्ता, शुब्द का रास्ता। इसीलिये नानक जी ने कहा कि नानक नाम जहाज है, चढ़ै सो उतरै पार।" ऐसे ही हमारे गुरु महाराज जी बाबा जयगुरुदेव जी महाराज 'जयगुरुदेव' नाम की जहाज लगा कर गये और कहा कि दुनियां के जीव एक साथ यदि इस जहाज पर चढ़ जांये तो भी यह जयगुरुदेव नाम सबको पार कर देगा।



पूज्य महाराज जी ने सुमिरन, ध्यान, भजन का मार्ग देकर उसे विधिवत समझाया भी तथा कहा यह रास्ता सच्चा है, करोगे तो निश्चय ही एक दिन गुरु की दया का अनुभव आपको होगा। देश में बढ़ती हिंसा व अपराध पर गहरी चिन्ता व्यक्त करते हुये कहा चरित्र मानव धर्म की सबसे बड़ी पूंजी है। लोगों का चरित्र उत्थान, शाकहारी व नशा मुक्त बनाना समय की मांग है। जिस शराब के पीने से आंखों से मां, बहन, बेटी की पहचान खत्म हो जाती है तो उसे पीने से यह निर्णय कैसे कर सकेंगे क्या अच्छा, क्या बुरा। उन्होंने आगामी 17 से 21 मई तक जयगुरुदेव आश्रम मथुरा में होने वाले अपने गुरु महाराज परम संत बाबा जयगुरुदेव जी के ग्यारहवें पावन भण्डारा पर्व पर पधारने का निमन्त्रण दिया तथा बताया कि मथुरा में वरदानी जयगुरुदेव मन्दिर बना है जहां बुराईयां चढ़ाने पर मनोकामना की पूर्ति होती है। जिला–इटावा में तह. भरथना के गांव खितौरा धाम में बाबा जी की पावन जन्मभूमि है यहां पर भी भव्य वरदानी मन्दिर बना है। यहां सभी सम्प्रदायों के लोग आते हैं। इस अवसर पर अवधू सिंह यादव जिला संगत अध्यक्ष, सिद्धनाथ यादव तह. अध्यक्ष राबर्ट्सगंज, रामेश्वर धांगर आयोजक, मुन्ना धांगर, पू. ब्लाक प्रमुख, चन्दन धांगर, राम सेवक पाल, भूपेन्द्र सिंह, सुनील गुप्ता, राजकुमार, हरीलाल धांगर, सिद्धनाथ चौबे पुजारी, अमर नाथ चोरो प्रधान, सहयोगी संगत कौशाम्बी के अध्यक्ष घनश्याम सिंह व गोवर्धन लाल आदि के साथ हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे। शांति और सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस प्रशासन ने सहयोग किया। सत्संग के बाद धर्म यात्रा अपने अगले पड़ाव ग्राम भैरोपुर तेलियागंज ब्लाक नगवा तह. राबर्टसगंज के लिये प्रस्थान कर गई। जहाँ कल (आज) दिन के 11. 30 बजे से सत्संग आयोजित है।

## तीन दिन से लापता गर्भवती किशोरी की गला कस कर हत्या

देसही देवरिया। महुआडीह थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी गर्भवती किशोरी का शव छोटी गंडक नदी में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना को अंजाम देने वालों ने शव को ठिकाने लगाने के लिए बालू के बोरे से शव को बांध दिया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार किशोरी की गला कस कर हत्या की गई थी। शव दो से तीन दिन पुराना बताया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच–पड़ताल में जुट गई है। कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ भी कर रही है। एक गांव निवासी 17 साल की किशोरी चार दिनों से घर से गायब थी। उसका शव सुबह ग्रामीणों ने छोटी गंडक नदी में उतराता देखा। गांव के चौकीदार ने इसकी सूचना थानेदार को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि किशोरी का शव नदी में बालू से भरे बोरे में बंधा था। किशोरी को सुनियोजित तरीके से मारकर शव को ठिकाने लगाने के लिए नदी में फेंक दिया गया था। किशोरी की पहचान होने के बाद परिजन भी मौके पर पहुंच गए और उसके गायब होने की बात भी स्वीकार किए। देर शाम पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यह बात सामने आई कि वह कुछ माह की गर्भवती थी और उसका पेट निकला हुआ था। पुलिस ने देर रात मामले में किशोरी से जुड़े कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस को आशंका है कि किशोरी को करीब से जानने वाले ही घटना को अंजाम दिए हैं।

## नगर को मिलेगा एक और पार्क, होगी सहूलियत

महराजगंज। नगर के बीचोबीच स्थित दुर्गा मंदिर के पीछे भव्य पार्क बनाने के लिए जिला प्रशासन की ओर से पहल शुरू की गई है। पार्क के बन जाने से दुर्गा मंदिर परिसर तथा नगर के विभिन्न वार्डों से आने वाले लोगों को सुबह व शाम यहां बेहतर ढंग से समय बिताने का अवसर मिलेगा। सिविल लाइंस वार्ड में स्थित दुर्गा मंदिर नगर के लोगों की आस्था का केंद्र है। देवीपाटन की तरह यहां पर भी मंदिर में पार्क के साथ आदर्श जलाशय को बनाने के लिए प्रशासन की ओर से न सिर्फ पहल की गई है, बल्कि चहारदीवारी निर्माण का कार्य भी प्रारम्भ करा दिया गया है। नगर में एक और पार्क विकसित किए जाने के लिए किए जा रहे प्रयास से नगरवासी भी खुश हैं। सक्सेना नगर में रहने वाले शिरोमणि दूबे ने कहा कि मंदिर परिसर में पार्क का निर्माण बेहतर प्रयास है। अमरुतिया में रहने वाले दुर्गेश गुप्ता ने कहा कि पार्क बनने से मंदिर की भव्यता और बढ़ जाएगी। नगर का होगा तीसरा पार्कः नगर में इससे पहले आंबेडकर पार्क व ज्ञान सरोवर पार्क विकसित हुए हैं। तीसरे पार्क के रूप में इसके विकसित होने से नगर के लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी। जलाशय में फव्वारे व बोटिंग की होगी व्यवस्थाः पार्क के बीच में फव्वारे की भी सुविधा होगी। ताकि वहां पर पहुंचने वाले लोगों को सुखद एहसास हो। इसके साथ ही उसमें छोटा सा जलाशय भी बनेगा। इसमें लोग बोटिंग का लाभ उठा सकेंगे। इसके साथ ही लोगों को बैठने के लिए बेंच आदि भी बनाए जाएंगे।

## हत्या में वांछित अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन में




जनपद में वांछित अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक (मु0) सोनभद्र व क्षेत्राधिकारी घोरावल के कुशल पर्यवेक्षण व नेतृत्व में आज दिनांक 04.04.2023 को थाना घोरावल पुलिस द्वारा थाना घोरावल पर पंजीकृत मु0अं0सं0–54/2023 धारा– 364, 302, 201, 34, 120बी भादवि व 3(2)(ट) एससीध्एसटी एक्ट' मे वांछित अभियुक्त मो0 इन्द्रिश शाह उर्फ लल्लन पुत्र स्व0 पीर मोहम्मद उर्फ दरगाही, निवासी वार्ड नं0–5 कस्बा घोरावल, थाना घोरावल, जनपद सोनभद्र को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## विकास खण्ड बढ़नी के ग्राम पंचायतो में कार्य की हो रही लीपापोती

### बिना कार्य कराए,किया जाता है भुगतान

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए पंचायती




राज का गठन किया गया है, ताकि समस्या को गांव के लोग आपस मे मिलकर सुलझा सके और गांवों की छोटी, मोटी समस्या को पंचायत के प्रधान–सचिव, ग्रामवासी मिलकर दूर कर सकें। इसके लिए ग्राम पंचायत में मूलभूत राज्यबित्त चौदहवें वित्त व अन्य योजनाओं से पंचायत की खाते में राशि आती है, जिससे पंचायत की आवश्यकता अनुसार खर्च किया जाता है लेकिन बढ़नी विकासखंड में इस योजना का पैसा विकास के बजाय फर्जी बिल कार्य की लीपापोती करके पैसे का भुगतान कर लिया गया है, जो सरकार व जनता के पैसे को प्रधान व ग्राम पंचाायत अधिकारी व संबंधित विभाग में बैठे आला अफसर की मिलीभगत दर्शाता है। बढ़नी विकासखंड के ग्राम पंचायत मोहनकोला में फर्जी बिल व कार्य की लीपापोती करके जनता के विकास करने के बजाए हजम कर रहे हैं। दरअसल आगनवाड़ी केंद्र के मरम्मत व बाउंड्रीवॉल और गेट के नाम पर दिसम्बर 22 और जनवरी व मार्च 23 में भुगतान भी किया गया है जिसका कार्य अभी तक नही हुआ।

### सवाल यह की बिना कार्य के कैसे की जाती है एमबी

वही जानकारों की माने तो कार्य होने के बाद ही एमबी की जाती है।सरकार भ्रष्टाचार रोकने के लिए जेई की नियुक्ति की है अब यह सिर्फ राज वित्त 15 वित्त की एमबी करेंगे उसके बाद भी फर्जी भुगतान चरम सीमा पर हैफर्जी एमबी कर मलाई काटते हैं। जिसके समाधान करने के बजाए सरकारी धन का खुला दुरुपयोग प्रधान के द्वारा किया जा रहा है। जिस पर कोई भी अंकुश नहीं लगाया जा रहा है। ग्राम पंचायत के प्रधान के द्वारा पंचायती राज अधिनियम को किनारे करते हुए अपने नियम पंचायत में चला रहे हैं। पंचायत में व्यय करने के लिए जो राशि आती है वो राशि पंचायत पदाधिकारियों के लिए चारागाह साबित हो रही है। पंचायती राज अधिनियम के सारे नियम कानून को किनारे कर अपना कानून चला रहे कोई अंकुश लगाने वाले नहीं हैं। इस सम्बंध में सहायक विकास अधिकारी अनुपम सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया की जो कार्य कराया जाता है उसी का एमबी और भुगतान होता है।

## कृष्ण बिहारी लाल अध्यक्ष, गुलाब चंद महामंत्री निर्वाचित

महराजगंज। कलक्ट्रेट बार एसोसिएशन महराजगंज के पदाधिकारियों का चुनाव हुआ। सुबह 10 बजे से चुनाव की प्रक्रिया शुरू की गई। 102 सदस्यों ने मतदान किया। अध्यक्ष पद प्रत्याशी जगदंबा शरण श्रीवास्तव को 10 वोट, कृष्ण बिहारी लाल श्रीवास्तव को 60 मत मिले। अशोक कुमार उपाध्याय को 31 मत मिला। अध्यक्ष पद पर कृष्ण बिहारी लाल श्रीवास्तव 31 वोट से विजयी घोषित हुए। एक मत अवैध हो गया। चुनाव अधिकारी दिनेश कुमार ने बताया कि वरिष्ठ उपाध्यक्ष भागीरथी पटेल को 61, भोलानाथ वरुण को 41 मिला, इस प्रकार भागीरथी पटेल 20 वोटों से विजयी घोषित किए गए। महामंत्री विंध्यवासिनी मिश्रा 44 मत, गुलाबचंद चौधरी को 58 मिला। गुलाबचंद चौधरी को 14 मतों से विजयी हुए। कोषाध्यक्ष भूपेंद्र पटेल को 72, सत्यजीत कुमार भारती को 30 मत मिले। इस प्रकार भूपेंद्र चंद्र पटेल 42 मतों से विजयी घोषित हुए। इस दौरान साधु शरण पटेल, राकेश बिहारी लाल श्रीवास्तव, अभिषेक श्रीवास्तव, ओम प्रकाश मिश्र, ओम प्रकाश सिंह, अनुराग श्रीवास्तव, देवेंद्र नारायण तिवारी, सुरेंद्र श्रीवास्तव, दुर्गेश श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक
बुद्ध का संदेश

## श्रीमद्भागवत कथा मे ध्रुव व प्रहलाद की कथा सुनकर श्रद्धालु हुए आनन्दित




दैनिक बुद्ध का सन्देश

उसका बाजार सिद्धार्थनगर। कस्बा के अम्बेडकर नगर वार्ड में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन सोमवार की रात्रि में कथा व्यास आचार्य संतोष जी महाराज ने ध्रुव व भक्त प्रहलाद की कथा सुनाई। कथा सुनकर श्रद्धालु आनंदित हुए। कथा व्यास ने ध्रुव की कथा सुनाते हुए कहा कि स्वायंभुव मनु की पत्नी का नाम शतरूपा था। इन्हें प्रियव्रत, उत्तानपाद आदि 7 पुत्र और देवहूति, आकूति तथा प्रसूति नामक 3 कन्याएं हुई थीं। शतरूपा के पुत्र उत्तानपाद की सुनीति और सुरुचि नामक दो पत्नियां थीं। राजा उत्तानपाद के सुनीति से ध्रुव तथा सुरुचि से उत्तम नामक पुत्र उत्पन्न हुए। उत्तानपाद की सुनीति पहली पत्नी थी जिसका पुत्र ध्रुव था। सुनीति बड़ी रानी थी लेकिन राजा सुनीति के बजाय सुरुचि और उसके पुत्र को ज्यादा प्रेम करता था। एक बार राजा अपने पुत्र ध्रुव को गोद में लेकर बैठे थे तभी वहां सुरुचि आ गई। अपनी सौत के पुत्र ध्रुव को गोद में बैठा देखकर उसके मन में जलन होने लगी। तब उसने ध्रुव को गोद में से उतारकर अपने पुत्र को गोद में बैठाते हुए कहा, राजा की गोद में वही बालक बैठ सकता है और राजसिंहासन का भी अधिकारी हो सकता है जो मेरे गर्भ से जन्मा हो। तू मेरे गर्भ से नहीं जन्मा है। यदि तेरी इच्छा राज सिंहासन प्राप्त करने की है तो भगवान नारायण का भजन कर। उनकी कृपा से जब तू मेरे गर्भ से उत्पन्न होगा तभी सिंहासन प्राप्त कर पाएगा। पांच साल का अबोध बालक ध्रुव सहमकर रोते हुए अपनी मां सुनीति के पास गया और उसने अपनी मां से उसके साथ हुए व्यवहार के बारे में कहा। मां ने कहा, बेटा ध्रुव तेरी सौतेली माँ है, उनसे तेरे पिता अधिक प्रेम करते हैं। इसी कारण वे हम दोनों से दूर हो गए हैं। नारायण के अतिरिक्त अब हमारे दुख को दूर करने वाला कोई दूसरा नहीं बचा। यह सुनकर बालक ध्रुव घोर तपस्या करने निकल पड़े। पांच वर्ष के बालक ध्रुव कठोर तपस्या से नारायण को प्रश्न करके ब्रह्मांड में अचल व अनुपम स्थान प्राप्त किया। इसके बाद कथा व्यास ने भक्त प्रहलाद की कथा सुनाई। कथा नरसिंह भगवान की झांकी सभी का मन मोह लिया। कथा में वेदव्यास मिश्र, हरिवंश शुक्ल, विवेकानन्द पाण्डेय, गीता देवी, शशिकला आदि श्रद्धालु रहे।

बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स, ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458

संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा

सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा

9415163471, 9453824459

दैनिक बुद्ध का संदेश

9795951917,9415163471

@budhakasandesh

budhakasandeshnews@gmail.com

www.budhakasandesh.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

